THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 127 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.8 2082 शनिवार, 2 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये






THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 127 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.8 2082 शनिवार, 2 अगस्त-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर * पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## इंडियन इकोनॉमी डेड पर थरूर ने राहुल का बयान नकारा

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इंडियन इकोनॉमी डेड मामले पर राहुल गांधी के बयान को नकारा है। संसद परिसर में शुक्रवार को मीडिया ने थरूर से पूछा कि क्या भारत की इकोनॉमी डेड हो चुकी है? इस पर उन्होंने जवाब दिया- नहीं ऐसा बिल्कुल नहीं है, सभी को पता है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) बताया था। इसपर राहुल ने कहा था- मुझे खुशी हुई कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने फैक्ट बताया है। राहुल ने कहा था- पूरी दुनिया जानती है कि भाजपा ने अदाणी की मदद के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

## उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को

### नामांकन 21 अगस्त तक

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति चुनाव 9 सितंबर को होगा। 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन भरे जाएंगे। जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जुलाई को धनखड़ का इस्तीफा मंजूर कर लिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। उपराष्ट्रपति का चुनाव के लिए पहले निर्वाचक मंडल लिस्ट बनती है। इसमें लोकसभा और राज्यसभा के सभी निर्वाचित और नामित सदस्य शामिल होते हैं। दोनों सदनों में सदस्यों की कुल संख्या 782 है। लोकसभा में 542 और राज्यसभा में 240 है। ऐसे में नए उपराष्ट्रति पद पर वही व्यक्ति निर्वाचित होगा, जिसके पास 394 सदस्यों का समर्थन होगा।

# राज्यपाल ने राष्ट्रपति को भेजा अध्यादेश

### > निकाय चुनावों में 42 प्रतिशत बीसी आरक्षण का मामला

नई दिल्ली/हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्गों (बीसी) को 42 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने इस संबंध में जारी किए गए अध्यादेश को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेज दिया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद निकाय चुनाव में आरक्षण का रास्ता साफ हो जाएगा।

**> कानून में संशोधन के बाद तेलंगाना में क्या बदलाव होंगे :**

इस संबंध में आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकापर ने पंचायत राज अधिनियम में संशोधन करने के बाद यह अध्यादेश जारी किया है। कांग्रेस सरकार ने इसी साल जुलाई में विधेयक पारित कर कानून में संशोधन किया था। संशोधित कानून के तहत तेलंगाना में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत तय की गई है। बता दें कि कांग्रेस सरकार ने 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया था कि वह स्थानीय


राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा

निकायों में बीसी वर्ग के लिए आरक्षण को 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत करेगी। अब इस अध्यादेश को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद ही यह लागू किया जा सकेगा।

**> हाईकोर्ट के आदेश के कारण अध्यादेश की अहमियत बढ़ी :**

तेलंगाना सरकार के अध्यादेश का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत चुनाव कराने और परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया है। ऐसे में राष्ट्रपति की सहमति से ही यह तय होगा कि क्या राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में बीसी वर्ग को 42 प्रतिशत आरक्षण दे सकेगी या नहीं।

**> इन दो विधेयकों को भी नहीं मिली है राष्ट्रपति की मंजूरी :**

बता दें कि तेलंगाना विधानसभा ने शिक्षा, रोजगार और स्थानीय निकायों में बीसी आरक्षण की सीमा 42 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए दो विधेयक पारित किए गए हैं। इन विधेयकों को भी राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार है।

**> दिल्ली दौरा करेंगे रेवंत रेड्डी, राष्ट्रपति से मिलने की भी योजना है :**

प्रदेश की राजनीति से जुड़े एक अहम घटनाक्रम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों और अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ 6 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देने की योजना बनाई है। सीएम राष्ट्रपति से बीसी आरक्षण वाले विधेयकों को स्वीकृति देने की मांग करेंगे। मुख्यमंत्री ने 5 से 7 अगस्त तक दिल्ली दौरे की योजना बनाई है। उन्होंने 7 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने की योजना भी बनाई है।

## अफसर वोटों की चोरी करा रहे : राहुल

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पिछले 9 दिनों में चुनाव आयोग के अधिकारियों को दूसरी बार धमकाया है। शुक्रवार को संसद से बाहर निकलने पर राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। हमारे पास एटम बम है। जब फटेगा तो चुनाव आयोग बचेगा नहीं। चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। आप हिंदुस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं, जो देशद्रोह है। आप कहीं भी हों, चाहे आप रिटायर ही क्यों न हो जाएं, हम आपको ढूंढ निकालेंगे। इससे पहले 24 जुलाई को राहुल ने कहा था कि मैं चुनाव आयोग को एक मैसेज देना चाहता हूं। अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे बच जाएंगे, तो ये आपकी गलतफहमी है। हम आपको बच के जाने नहीं देंगे।




## जेडीएस के निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना दुष्कर्म मामले में दोषी करार



बेंगलूरू, 1 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व सांसद और निलंबित जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार को बेंगलूरू की एक विशेष अदालत ने दोषी ठहराया। उन्हें चार यौन शोषण और दुष्कर्म के मामलों में से एक में दोषी ठहराया गया है। बताया गया कि जब उन्हें दोषी ठहराया गया तब वे कोर्ट में ही फूट-फूट कर रोए। मामले में विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट शनिवार को सजा की घोषणा करेंगे। दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ चार अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। उनके खिलाफ मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस के संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। मामले तब प्रकाश में आए, जब प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित अश्लील वीडियो वाले पेन-ड्राइव कथित तौर पर हासन में 26 अप्रैल, 2024 को होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले प्रसारित किए गए। प्रज्वल रेवन्ना को पिछले साल 31 मई को जर्मनी से बेंगलूरू हवाई अड्डे पर पहुंचने पर होलेनरसीपुरा टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले के सिलसिले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था।

## इंस्पेक्टर की हत्या के पांच को उम्रकैद 33 को सात-सात साल की सजा

बुलंदशहर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। बुलंदशहर के स्याना हिंसा मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने छह साल, सात माह और 27 दिन बाद 38 अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। पांच अभियुक्तों को हत्या के मामले उम्रकैद व 33 अभियुक्त जानलेवा हमले समेत 14 धाराओं में दोषी करार दिए गए हैं।

पुलिस ने मामले में चार दिसंबर 2018 को कई नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। 44 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एफआईआर में हिंसा में मारे गए युवक सुमित कुमार को भी आरोपी बनाया था। मामले की जांच के लिए बाद में एसआईटी गठित की गई। एसआईटी ने जांच पूरी कर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की थी। प्रशांत नट, डेविड, राहुल, जॉनी और लोकेंद्र उर्फ मामा को हत्या का आरोपी बनाया गया था। योगेश राज समेत अन्य सभी पर जानलेवा हमला, डकैती, आगजनी, बलवा, धमकी देने समेत आईपीसी की 14 धाराएं लगाई गई थीं। सभी आरोपियों पर राजद्रोह की धारा भी लगाई गई थी।



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शनिवार, 2 अगस्त, 2025 

सुविचार: पैसे से कमजोर आदमी को सबसे ज्यादा मार अपने घर के अंदर ही सहनी पड़ती है।

## टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने 'जनहित पदयात्रा एवं श्रमदान अभियान' का शुभारंभ किया



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ के गतिशील नेतृत्व में, परिगी निर्वाचन क्षेत्र के रंगापुरम गांव से 'जनहित पदयात्रा एवं श्रमदान अभियान' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन की उपस्थिति में हुआ, जो मुख्य अतिथि के रूप में पदयात्रा में शामिल हुईं।

एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के दृष्टिकोण से प्रेरित यह पहल जनता और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कांग्रेस सत्ता और विपक्ष दोनों में, हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है और यह यात्रा जमीनी स्तर पर नागरिकों के साथ हमारे जुड़ाव को और गहरा करने की दिशा में एक और कदम है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, कांग्रेस सरकार जन कल्याण और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने वादों को पूरा कर रही है। पदयात्रा के एक हिस्से के रूप में, कांग्रेस पार्टी हर घर तक पहुंचकर नागरिकों को पहले से लागू किए गए प्रमुख कल्याणकारी उपायों के बारे में जानकारी दे रही है, जैसे महिलाओं के लिए मुफ़्त बस यात्रा, 200 यूनिट मुफ़्त बिजली, गरीबों के लिए आवास, उत्तम गुणवत्ता वाले चावल का वितरण, पहले वर्ष में ही 28,000 करोड़ रुपये की कृषि ऋण माफ़ी, ऋतु भरोसा के तहत 9,000 करोड़ रुपये का वितरण, पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण- जो देश में अपनी तरह की पहली राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण पहल है। हम अपने किसानों के लिए पर्याप्त पानी सुनिश्चित करने हेतु चेवेल्ला-प्राणहिता पहल जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं को पुनर्जीवित करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराते हैं, जिन्हें पिछली बीआरएस सरकार ने नज़रअंदाज़ कर दिया था। हम न्याय, विकास और जवाबदेही में विश्वास रखने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नागरिकों से इस जन-प्रथम आंदोलन में हाथ मिलाने का आग्रह करते हैं।

## यादाद्री और पुलिचिंतला परियोजनाओं में ज़मीन गंवाने वालों को 15 अगस्त तक नौकरी : उत्तम

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने शुक्रवार को घोषणा की कि कांग्रेस सरकार उन सभी परिवारों को रोज़गार प्रदान करेगी, जिन्होंने यादाद्री और पुलिचिंतला बिजली परियोजनाओं के लिए अपनी ज़मीन गंवाई है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे, जिससे सरकार मानवीय आधार पर अपने वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराती है।

नलगोंडा ज़िले के दमारचेरला मंडल के वीरलापालेम गाँव में यादाद्री ताप विद्युत संयंत्र की 800 मेगावाट इकाई राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार करुणा और संवेदनशीलता के साथ काम करने में विश्वास रखती है, खासकर बड़े पैमाने पर विकास परियोजनाओं से प्रभावित लोगों के प्रति। उन्होंने दोहराया कि यदाद्री थर्मल पावर प्लांट (वाईटीपीपी) और पुलीचिंतला पावर प्रोजेक्ट, दोनों के विस्थापित परिवारों को दिए गए आश्वासन का सम्मान करते हुए, उन्हीं प्लांटों में रोज़गार दिया जाएगा। यह कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी और अदलुरी लक्ष्मण कुमार, तथा स्थानीय विधायकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। 800 मेगावाट की इकाई का लोकार्पण करने के साथ ही, नेताओं ने पावर प्लांट कर्मचारियों के लिए 1,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एक एकीकृत आवासीय टाउनशिप की आधारशिला भी रखी। उत्तम ने इसे श्रमिकों को दीर्घकालिक आवास और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। उत्तम कुमार रेड्डी ने लंबे समय से रुकी हुई थर्मल परियोजना को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क (जिनके पास वित्त और ऊर्जा विभाग भी हैं) को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि भट्टी ने जन सुनवाई पूरी करवाई और लंबे समय से लंबित पर्यावरणीय मंज़ूरियां हासिल कीं, जिससे परियोजना को फिर से शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने कहा, यह भट्टी का नेतृत्व, पहल और गतिशीलता ही थी जिसने इस परियोजना को पुनर्जीवित किया और हमें 1,600 मेगावाट बिजली उत्पादन शुरू करने में मदद की। उन्होंने नलगोंडा जिले के लोगों की ओर से भट्टी विक्रमार्क को परियोजना स्थल पर बार-बार आने और कड़ी निगरानी के माध्यम से प्रगति सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया। मंत्री ने विस्थापित परिवारों के साथ खड़े रहने और सरकार के समक्ष नियमित रूप से उनकी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए विधायक बी. लक्ष्मा रेड्डी और विधान पार्षद शंकर नाइक सहित स्थानीय नेताओं के निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि विधान पार्षद शंकर नाइक ने विशेष रूप से आदिवासी बस्तियों (टांडा) में मुआवज़े से संबंधित कुछ मुद्दों को उठाया था और आश्वासन दिया था कि मानवीय आधार पर इनकी समीक्षा की जाएगी और इनका समाधान किया जाएगा।

## बीआरएस पार्टी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट किया : कडियम श्रीहरि

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ज्ञातव्य है कि सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष को बीआरएस पार्टी से जीतकर सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए दस विधायकों की अयोग्यता याचिका पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेने का आदेश दिया है। इसी संदर्भ में पूर्व उपमुख्यमंत्री कडियम श्रीहरि ने बीआरएस पार्टी नेताओं की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बीआरएस पार्टी पर दलबदल कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस पार्टी से जीतकर आए 12 विधायकों को बीआरएस पार्टी में शामिल नहीं किया गया और उनके इस्तीफे के बिना उन्हें मंत्री पद नहीं दिया गया? उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि बीआरएस पार्टी के नेता संस्थाओं और लोकतंत्र को नष्ट करने के बाद अब नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं।

श्रीहरि ने बीआरएस पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा सार्वजनिक क्षेत्र में लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बीआरएस पार्टी पर अपने दस साल के शासन के दौरान अन्य दलों और विधायकों को अपने साथ मिलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विधायकों की अयोग्यता के मुद्दे पर वे विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उपचुनावों पर फैसला बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटीआर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग करेगा।

## स्वयंसेवी संगठन ने शिशु के हृदय शल्य चिकित्सा के लिए जुटाया धन

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित ब्लड डोनर लाइफ सेवर फाउंडेशन के सदस्यों ने एक नवजात बच्ची की हृदय शल्य चिकित्सा के लिए 85,300 रुपये दान किए हैं। 25 जुलाई को हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में जन्मजात हृदय दोष के साथ पैदा हुई इस बच्ची को जीवन रक्षक सर्जरी के लिए किम्स अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सर्जरी के लिए कुल 5 से 1 लाख रुपये की आवश्यकता है, लेकिन शिशु के पिता, चिंताकिंडी श्रीनिवास, जो ड्राइवर के रूप में काम करते हैं, 2 लाख रुपये जुटाने में कामयाब रहे हैं।

## कांग्रेस नेताओं ने परगी में श्रमदान में हिस्सा लिया

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जनहित पदयात्रा के तहत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, मंत्री पोन्नम प्रभाकर, मधु याशकी, स्थानीय विधायक राममोहन रेड्डी और आर्य वैश्य निगम की अध्यक्ष कलवा सुजाता सहित कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को परगी शहर के सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय में श्रमदान कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जनहित पदयात्रा के दूसरे दिन, उन्होंने परिगी बालिका आवासीय विद्यालय में पौधारोपण भी किया। सत्तारूढ़ दल के नेताओं द्वारा आयोजित श्रमदान और वृक्षारोपण पहल को स्थानीय लोगों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।




## लेफ्टिनेंट जनरल वी. श्रीहरि ने दक्षिण भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) का पदभार ग्रहण किया



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। लेफ्टिनेंट जनरल वी. श्रीहरि ने दक्षिण भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) का पदभार ग्रहण कर लिया है। वे तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी एवं लक्षद्वीप में सैन्य अभियानों की देखरेख करते हैं। जनरल ऑफिसर सैनिक स्कूल अमरावती नगर, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़कवासला और भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून के पूर्व छात्र हैं। उन्हें जून 1987 में नई गठित 16 सिख लाइट इन्फैंट्री बटालियन में कमीशन दिया गया था और बाद में अगस्त 1992 में पैरा रेजिमेंट में परिवर्तित कर दिया गया था। उन्होंने विभिन्न रेजिमेंटल, इंस्ट्रक्शनल, स्टाफ और कमांड पदों पर कार्य किया है। उन्हें देश के उत्तरी, पूर्वी और दक्षिणी भागों के साथ-साथ विदेश में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवा देने का अनुभव है। उन्होंने ऑपरेशन रक्षक में एक पैरा स्पेशल फोर्स बटालियन, सियाचिन ग्लेशियर स्थित बेस कैंप, एक स्ट्राइक कोर में एक इन्फैंट्री ब्रिगेड और उत्तर पूर्व में एक माउंटेन डिवीजन की कमान संभाली। जनरल ऑफिसर को 31 आरआर (कमांडो) में सेवा करते हुए 1998 में शौर्य चक्र, अपने डिवीजन की कमान के लिए 2021 में सेना मेडल (विशिष्ट सेवा) और 2023 में अतिविशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया है। उनकी पत्नी उमा श्रीहरि गृहिणी हैं और उनकी बेटी पुडुचेरी में काम करती है।

## कांग्रेस पार्टी मल्लारेड्डी की अयोग्यता की मांग करेगी

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अपने अनोखे भाषणों के लिए सोशल मीडिया पर छाए रहने वाले पूर्व मंत्री और मेडचल से विधायक मल्लारेड्डी एक और विवाद में फंस गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने मल्लारेड्डी पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं और मांग की है कि उन्हें विधायक पद से हटाया जाए क्योंकि उन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में झूठा हलफनामा पेश किया था। शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए, टीपीसीसी अभियान समिति के सदस्य कोटा श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि मल्लारेड्डी और उनके दामाद तथा मलकाजगिरी से विधायक मर्री राजशेखर रेड्डी ने सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्ति छिपाई है और झूठे हलफनामों के ज़रिए चुनाव आयोग और जनता को धोखा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे आरटीआई के ज़रिए जुटाई गई पुख्ता जानकारी के आधार पर ये आरोप लगा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इन ससुर-दामाद की सदस्यता तुरंत रद्द की जाए। कोटा श्रीनिवास गौड़ ने आरोप लगाया कि मल्लारेड्डी ने अपने हलफनामे में कंदलकोया के पोचमपल्ली और मेडचल मलकाजगिरी जिले के धूलापल्ली गांवों में लगभग 200 करोड़ रुपये मूल्य की 21 एकड़ ज़मीन का खुलासा नहीं किया। उन्होंने आगे कहा कि उनके दामाद राजशेखर रेड्डी ने धूलापल्ली में 100 करोड़ रुपये से ज़्यादा मूल्य की दो एकड़ ज़मीन की घोषणा नहीं की।




CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, SHANTAWWA LAXMAN DASAPPANAVAR, Legally Wedded spouse of HAV NAGAPPA MALYAGOL, R/o: HOUSE NO.147, TQ/GOKAK, SANGANAKERI, BELGAUM, KARNATAKA - 591224, Have Changed My Name From SHANTAWWA LAXMAN DASAPPANAVAR to SHANTAWWA NAGAPPA MALYAGOL vide Affidavit dt. 01 -08-2025 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

I, Lalithamma V, W/o, No.15309582X, Ex-SPR, V Kondappa,R/o, Medchal-Malkajgiri Dist,Telangana, changed my name from Lalithamma V to Varidi Reddy Lalithamma vide Affidavit dt 31.07.2025, before L B Nagar Court, Telangana.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## हरीश राव ने आंध्र प्रदेश के मंत्री लोकेश की टिप्पणी की निंदा की



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री हरीश राव ने आंध्र प्रदेश के मंत्री नारा लोकेश की इस टिप्पणी के लिए कड़ी आलोचना की है कि बनकाचारला परियोजना गोदावरी नदी पर बनाई जाएगी। हरीश राव ने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री रेवंत नारा लोकेश की टिप्पणी पर चुप क्यों हैं। आज तेलंगाना भवन में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने आरोप लगाया कि नारा लोकेश मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का विश्वास पाकर बनकाचारला परियोजना के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, भाजपा भी उनके हाथ में है। लोकेश हिम्मत से कह रहे हैं कि भाजपा के समर्थन से वह जो भी कहेंगे करेंगे। वह एक खेल खेल रहे हैं। जब लोकेश कहते हैं कि वह बनकाचारला परियोजना का निर्माण करेंगे और अनुमति प्राप्त करेंगे, तो कांग्रेस सरकार जवाब क्यों नहीं दे रही है? मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी न तो बोलते हैं और न ही उनकी टिप्पणियों का खंडन करते हैं। इसके आधार पर, यह समझा जाता है कि कांग्रेस, टीडीपी और भाजपा ने एक बदनाम समझौता किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भाजपा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायुडू की दमनकारी नीतियों का गुणगान कर रही हैं।







## कांग्रेस ने पिछड़ी जातियों के साथ अन्याय किया : भाजपा सांसद आर. कृष्णैया

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा सांसद आर. कृष्णैया ने आज आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने से पहले अपने कामारेड्डी पिछड़ी जाति घोषणापत्र में पिछड़ी जातियों से किए गए एक भी वादे को पूरा न करके उनके साथ अन्याय किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी अब 42 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण लागू न कर पाने का ठीकरा केंद्र पर फोड़कर पाखंड का खेल खेल रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस, जिसने कामारेड्डी पिछड़ा वर्ग घोषणापत्र के अनुसार पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के कई वादे किए थे, उनके क्रियान्वयन के प्रति उदासीनता दिखा रही है। यह भी झूठ फैलाया जा रहा है कि भाजपा ने 42 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के आरक्षण के क्रियान्वयन में रोड़ा अटकाया है। यह पूरी तरह से झूठ है। भाजपा ने 42 प्रतिशत पिछड़ी जातियों के आरक्षण विधेयक का समर्थन करने की घोषणा की है। कांग्रेस पार्टी पिछड़ी जातियों से किए गए वादों के क्रियान्वयन के प्रति ईमानदार नहीं है। संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के अनुसार, स्थानीय निकायों 258णमें आरक्षण पर निर्णय लेने का अधिकार राज्य सरकारों के पास है।

यह धारा 243डी(6) में स्पष्ट रूप से कहा गया है। हमने इस मुद्दे को कई बार समझाया है। कृष्णैया ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास स्थानीय निकाय चुनावों में 42 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का पूरा अवसर है और उन्होंने कहा कि विधानसभा में सरकारी आदेश जारी होने तक विधेयक पारित हो चुका है। उन्होंने कहा, लेकिन अब वे कह रहे हैं कि अदालतें इसे रोक देंगी और भाजपा इसे रोक देगी। यह दावा करते हुए कि भाजपा मुसलमानों के ख़िलाफ़ नहीं है, उन्होंने कहा कि वास्तविक पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर स्पष्टता ज़रूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ये आरक्षण कारीगरों, कुम्हारों, लोहारों, बढ़ई, धोबी, नाई, चरवाहों, ताड़ी बनाने वालों और खेतिहर मज़दूरों जैसे जाति समूहों पर लागू होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना उचित नहीं है। पहले, सोनिया गांधी के नेतृत्व में, पिछड़ी जातियों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण में से 4 प्रतिशत घटाकर मुसलमानों को दे दिया गया था।

# आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

वाराणसी, 1 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को वाराणसी दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी का यह संसदीय क्षेत्र भी है। शनिवार सुबह 11 बजे पीएम मोदी वाराणसी में लगभग 2200 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। वाराणसी में ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, शहरी विकास और सांस्कृतिक विरासत जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। इनका उद्देश्य वाराणसी में समग्र शहरी परिवर्तन, सांस्कृतिक कायाकल्प, बेहतर कनेक्टिविटी और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करना है।



## कई विकास मार्गों का करेंगे शिलान्यास

वाराणसी में सड़क संपर्क में सुधार को लेकर पीएम मोदी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे वाराणसी -भदोही मार्ग और छितौनी-शूल टंकेश्वर मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ मोहन सराय-अदलपुरा मार्ग पर भीड़भाड़ कम करने के लिए हरदत्तपुर में रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी दालमंडी, लहरतारा-कोटवा, गंगापुर, बाबतपुर सहित कई ग्रामीण और शहरी गलियारों में व्यापक सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण तथा लेवल क्रॉसिंग 22सी और खालिसपुर यार्ड पर रेलवे ओवरब्रिज की आधारशिला रखेंगे। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री स्मार्ट वितरण परियोजना के तहत विभिन्न कार्यों और 880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले बिजली के बुनियादी ढांचे को भूमिगत करने की आधारशिला रखेंगे।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पीएम मोदी 8 नदी तटवर्ती कच्चे घाटों के पुनर्विकास, कालिका धाम में विकास कार्यों, शिवपुर स्थित रंगीलदास कुटिया में तालाब और घाट के सौंदर्यीकरण और दुर्गाकुंड के जीर्णोद्धार एवं जल शोधन कार्यों का उद्घाटन करेंगे। वे कर्दमेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य, कई स्वतंत्रता सेनानियों की जन्मस्थली करखियां के विकास, सारनाथ, ऋषि मांडवी और रामनगर अंचलों में शहरी सुविधा केंद्रों, लमही में मुंशी प्रेमचंद के पैतृक घर के पुनर्विकास और संग्रहालय के उन्नयन आदि का शिलान्यास करेंगे। वे कंचनपुर में शहरी मियावाकी वन के विकास और शहीद उद्यान तथा 21 अन्य पार्कों के पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण की भी आधारशिला रखेंगे।

### 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं करेंगे उद्घाटन

पीएम मोदी सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण जल निकायों के संरक्षण के अलावा रामकुंड, मंदाकिनी, शंकुलधारा आदि विभिन्न कुंडों में जल शोधन एवं रखरखाव कार्यों का शिलान्यास करेंगे और चार तैरते पूजन मंचों की स्थापना भी करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे।

## कैंटर समेत 4 लोग नदी में बहे

आगरा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी में बारिश से गंगा, यमुना और बेतवा जैसी नदियां उफान पर हैं। काशी में फिर से सभी 84 घाट गंगा में डूब गए। मणिकर्णिका घाट पर छत पर, जबकि हरिश्चंद्र घाट पर गलियों में अंतिम संस्कार हो रहा है।अस्सी घाट पर सुबह-ए-बनारस मंच पूरी तरह डूब गया है। गंगा के साथ वरुणा में भी बाढ़ आ गई है। यहां फिर से मोहल्लों में नाव चलने लगी हैं। अब तक 97 परिवारों ने घर छोड़ा है। गंगा का जलस्तर 69.84 मीटर तक पहुंच गया है। यह चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर से मात्र 75 सेंटीमीटर नीचे है, जबकि खतरे का निशान 71.262 मीटर पर है। हमीरपुर में यमुना और बेतवा नदियां खतरे के निशान को पार कर गई हैं। यमुना खतरे के निशान से तीन मीटर ऊपर, जबकि बेतवा दो मीटर ऊपर बह रही है। 183 गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। मुख्यालय के आसपास इतना पानी है कि पूरा इलाका नदियों की तरह दिख रहा। सड़कों और गलियों में नाव चल रही हैं। अब लोग अपने घरों को छोड़कर राहत शिविरों में शिफ्ट हो रहे हैं।

## आईबी अफसर और बहन की लाश मिली

गाजियाबाद, 1 अगस्त (एजेंसियां)। गाजियाबाद में (आईबी) इंटेलिजेंस ब्यूरो अफसर और उनकी बहन की लाश बंद कमरे में मिली। पिता सीएसआईआर गोवा में तैनात हैं, भाई -बहन मां के साथ रह रहे थे। घटना के समय मां बाहर गई थीं। वापस आईं तो दरवाजा अंदर से बंद था। गेट खटखटाया तो कोई रिस्पॉंस नहीं आया। खिड़की से देखा, तो दोनों जमीन में पड़े थे। पड़ोसी की मदद से दरवाजा काटकर कमरे के अंदर गई। दोनों को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शवों से सल्फॉस की दुर्गंध आ रही थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इनकार किया है। मामला शाम कविनगर थाना क्षेत्र की गोविंदपुरम का है।

## पति ने पत्नी का मर्डर किया ब्यूटीशियन से अफेयर था

बरेली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। बरेली में हाईवे पर लुटेरों ने नहीं, बल्कि महिला की हत्या उसके पति ने ही की थी। वजह यह थी कि आरोपी पति का एक ब्यूटीशियन से अफेयर चल रहा था। प्लान के तहत वह पत्नी को पूर्णागिरी लेकर गया। लौटते वक्त देर रात ससुराल पहुंचा। साले ने रात में उसे रोकने की कोशिश की, मगर वह नहीं रुका। साले से बाइक और बांका मांगा। कहा- रास्ता सुनसान है, इसलिए सुरक्षा के लिए बांका लेकर जा रहा हूं। इसके बाद बीच रास्ते में पत्नी की हत्या कर दी। फिर पुलिस को फोन कर कहा-बदमाशों ने पत्नी की हत्या कर दी और गहने लूटकर फरार हो गए। विरोध करने पर मुझे गन पॉइंट पर ले लिया और पीटा भी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। देखा तो पति के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। बाइक और जेवर भी नहीं लूटे गए थे। सब कुछ घटनास्थल पर ही मिल गया। यहीं से आरोपी पर शक गहरा गया। उससे पूछताछ की गई, तो उसने सच कबूल कर लिया।

## तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार तीन छात्रों को कुचला, मौत

फिरोजाबाद, 1 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के फिरोजाबाद में शाम एक भीषण हादसे में तीन युवकों की मौत से कोहराम मच गया। हादसा जनपद के कायथा-फरिहा मार्ग पर उस वक्त हुआ जब तेज रफ़्तार मैक्स पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि उधर परिजनों का बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी है। पुलिस के मुताबिक यह हादसा थाना नारखी क्षेत्र के कायथा-फरिहा मार्ग पर हुआ। कायथा गांव के रहने वाले तीन युवक सोनू, आकाश, और आमीन एक बाइक पर सवार होकर शिकोहाबाद गए थे। वे तीनों ग्रेजुएशन में दाखिला लेने की प्रक्रिया पूरी कर रहे थे। गांव लौटते समय कायथा की ओर से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार मैक्स पिकअप ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## टीचर हत्याकांड में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

भोजपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भोजपुर में प्राइवेट शिक्षक धर्मेंद्र हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुख्य आरोपी युगेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव के पास 23 जुलाई को हथियारबंद अपराधियों ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और उसके दोस्त को गोली मार दी। दोस्त धर्मेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। जमीन विवाद में वारदात को अंजाम दिया था। युगेश कुमार रघुनीपुर गांव का रहने वाला है। जिसे झारखंड के धनबाद इलाके से पकड़े जाने की सूचना है। हालांकि, भोजपुर पुलिस उसे आरा से गिरफ्तार किए जाने का दावा कर रही है।

## सपा की 'पीडीए पाठशाला' पर बढ़ा विवाद



कानपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में अब समाजवादी पार्टी की पीडीए पाठशाला को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। भदोही के बाद अब कानपुर में भी सपा नेता रचना सिंह गौतम पर बिना अनुमति के पीडीए पाठशाला चलाने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है। प्रशासन का कहना है कि बच्चों का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। यूपी में स्कूल मर्जर के विरोध में समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए पाठशाला चलाई जा रही है। इसी क्रम में कानपुर के बिल्हौर सपा नेता रचना सिंह भी इस पाठशाला को चला रही थी, इस दौरान प्राथमिक विद्यालय के सामने बच्चों को स्कूल की ड्रेस में बुलाकर पढ़ाया गया।

इस मामले की डीएम और बीएसए की जांच में ये पाया गया कि ये पाठशाला बिना अनुमति के चलाई गई, जिसके बाद रचना सिंह के के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 66 और अफवाह फैलाने सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। प्रशासन ने इस पर सख्ती दिखाते हुए कहा कि बिना अनुमति बच्चों का राजनीतिक इस्तेमाल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल यूपी में स्कूल मर्जर के विरोध में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर ये कार्यक्रम किया जा रहा है। सपा नेता रचना सिंह ने आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों को बंद करके बच्चों के शिक्षा के अधिकार को छीन रही हैं लेकिन सपा के कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे।

# सपा सांसद से क्रिकेटर रिंकू को सगाई पड़ी महंगी

## स्वीप अभियान से हटाया, चुनाव आयोग ने जिला प्रशासन को भेजा पत्र

एटा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मछलीशहर की सपा सांसद प्रिया सरोज से क्रिकेटर रिंकू सिंह की शादी तय होने पर चुनाव आयोग ने सख्त कार्रवाई की है। क्रिकेटर को मतदाता जागरूकता संबंधी स्वीप अभियानों से हटा दिया। आयोग ने जिला प्रशासन को आगाह किया है कि स्वीप अभियान से संबंधित रिंकू सिंह के जहां भी पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स लगे हों उन्हें तत्काल हटा दिया जाए। इसके पीछे आयोग ने कारण दर्शाया है क्रिकेटर की सगाई सपा सांसद से होने के कारण राजनीतिक निहित हो सकते हैं।

जून माह में मछली शहर की सांसद की सगाई रिंकू सिंह से हुई थी। कई घरेलू मैचों के दौरान उन्हें विभिन्न स्टेडियम में रिंकू सिंह के साथ देखा गया था। हालांकि इससे पहले चुनाव




आयोग के निर्देश पर सरकार क्रिकेटर को स्वीप अभियान से जोड़ चुकी थी, लेकिन जब सांसद से सगाई की चर्चाएं तेज हुईं तो आयोग ने हटाने का निर्णय ले लिया। यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद द्वारा निर्वाचन आयोग से मिले निर्देश के बाद सभी उप जिलाधिकारी तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी व स्वीप टीम को निर्देशित किया है कि मतदाता जागरूकता संबंधी जैसे पोस्टर वीडियो तथा अन्य सभी स्थान जैसे वेबसाइट आदि से हटवाना सुनिश्चित करें। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि आयोग और शासन से पत्र मिलने के बाद सभी स्थानों से स्वीप अभियान से संबंधित क्रिकेटर रिंकू सिंह के पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स आदि प्रचार सामग्री हटाई जाएगी, इसके लिए अधीनस्थों को निर्देश दे दिए गए हैं।

## 75 किलो चांदी लूटने वाला बदमाश एनकाउंटर में ढेर

मथुरा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मथुरा में 75 किलो चांदी लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया है। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया- रात पुलिस को मुखबिर से आगरा बॉर्डर पर बदमाशों के मूवमेंट की सूचना मिली। इसके बाद टीम ने घेराबंदी की। पुलिस ने बिना नंबर की बोलेरो को रुकवाया, लेकिन बदमाशों ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि फायरिंग करते हुए भागने लगे। जवाबी फायरिंग में आगरा के रहने वाले राहुल और नीरज घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक बदमाश नीरज की मौत हो गई। जांच में पता चला कि बदमाशों ने मंगलवार शाम कारोबारी से 75 किलो की चांदी लूटी थी। पुलिस की आठ टीमें लुटेरों की धरपकड़ में जुटी हुई थीं। फिलहाल, कारोबारी की लूटी हुई एक करोड़ रुपए की चांदी बरामद कर ली गई है। लुटेरों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## फिजिकल होने के बाद कॉल गर्ल का मर्डर

किशनगंज, 1 अगस्त (एजेंसियां)। किशनगंज में एक महिला का शव मिला था। उसकी बॉडी घर से 5 किमी दूर झाड़ियों में पड़ी थी। घटना टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र के चरघरिया-गमहरिया की है। किशनगंज पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। किशनगंज एसपी सागर कुमार ने बताया कि 'महिला का 2 व्यक्ति से अवैध संबंध था। इस अवैध संबंध की वजह से उसकी हत्या की गई है।' 'घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से एक चाकू, मोबाइल, खून लगा कपड़ा, चप्पल और एक बाइक बरामद किया है। मृतका की बेटी आसना बेगम के बयान पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की गई।' गिरफ्तार आरोपी कोचाधामन निवासी दिलकश राही है, जो गुजरात के सूरत स्थित एक मदरसे में शिक्षक है। फरार आरोपी की पहचान मोहम्मद वसीम के रूप में की गई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मुस्लिम बनने से मना करने पर रेप किया

दरभंगा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। दरभंगा में 29 जुलाई की शाम सरेआम एक नाबालिग का अपहरण हुआ था। लड़की आरोपी मो। आरजू के कब्जे में करीब 16 से 17 घंटे तक रही। इस दौरान उसके साथ आरोपी आरजू ने रेप भी किया। 30 जुलाई को एक वीडियो सामने आया जिसमें पीड़िता कह रही थी कि, मैं अपनी मर्जी से घर से भागी हूं। मां-पिता जो कह रहे हैं, वो गलत है। 24 घंटे बाद लड़की बदल गई। उसने कहा कि, गन पॉइंट पर मुझसे आरोपियों ने ये सब कबूल कराया है। आरोपी धमकी दे रहे थे कि तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। वीडियो झूठा न लगे इसके लिए आरोपी पीड़िता पर दबाव बना रहे थे कि चेहरे पर थोड़ा मुस्कान लाओ। गंभीर नहीं रहो। परिवार की चिंता में पीड़िता ने वैसे ही किया जैसा उससे बोला गया। उसके साथ आरोपी आरजू ने रेप किया। धर्म परिवर्तन और शादी के लिए भी आरजू प्रेशर बना रहा था। लेकिन उससे पहले पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरजू को गिरफ्तार कर लिया।

# सीएम नीतीश ने सुबह-सुबह किया बड़ा ऐलान, इन कर्मचारियों के वेतन में दोगुनी बढ़ोतरी

पटना, 1 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दलों ने कमर कस ली है और चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी जनता के लिए चुनाव से पहले सरकारी खजाना खोल दिया है। सीएम नीतीश एक के बाद लगातार लोकलुभावन ऐलान कर रहे हैं। इनमें फ्री बिजली, महिला आरक्षण, युवा आयोग के गठन समेत कई ऐलान शामिल हैं। अब सीएम नीतीश ने शुक्रवार को सुबह-सुबह एक और



बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने शिक्षा विभाग के कई कर्मचारियों की मानदेय राशि बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम नीतीश ने कहा- नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वर्ष 2005 में शिक्षा का कुल बजट 4366 करोड़ रूपए था जो अब बढ़कर 77690 करोड़ रूपए हो गया है। बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति, नए विद्यालय भवनों के निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास से शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में रसोइयों, रात्रि प्रहरियों तथा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इसे ध्यान में रखते हुए हमलोगों ने इन कर्मियों की मानदेय राशि में सम्मानजनक वृद्धि करते हुए इसे दोगुना करने का निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग के अंतर्गत मध्याह्न भोजन में कार्यरत रसोइयों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि करते हुए 1650 रूपए से 3300 रूपए करने का निर्णय लिया गया है। वहीं माध्यमिक/उच्च शिक्षा विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरी का मानदेय 5000 रूपए से दोगुना करते हुए इसे अब 10000 रूपए करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों का मानदेय 8 हजार रूपए से दोगुना करते हुए अब 16 हजार रूपए करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही इनकी वार्षिक वेतन वृद्धि 200 रूपए के स्थान पर 400 रूपए करने का निर्णय लिया गया है। इससे कार्यरत कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह एवं लगन से अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे।

## छह अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

मुंगेर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मुंगेर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर खड़गपुर प्रखंड के गंगटा थाना क्षेत्र स्थित पोकरडी बहियार में गोढ़िया नदी के किनारे छापेमारी कर पुलिस ने छह अवैध मिनी गन फैक्ट्रियों का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार और हथियार निर्माण के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गंगटा थानाध्यक्ष राहुल कुमार को सूचना मिली थी कि गोढ़िया नदी के किनारे कुछ लोग छिपकर अवैध हथियार बना रहे हैं। इसके बाद खड़गपुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई और छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो लोगों बबलू प्रसाद सिंह उर्फ बबलू मंडल और राजेंद्र प्रसाद सिंह को गिरफ्तार किया। वहीं, तीन अन्य लोग पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने वहां से तीन देशी कट्टा, तीन अर्धनिर्मित कट्टा, एक अर्धनिर्मित रायफल, चार अर्धनिर्मित बैरल, अठारह अर्धनिर्मित ट्रिगर, तीन मैगजीन, सात जिंदा कारतूस, दो खोखा, एक ड्रिल मशीन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

## स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार पुलिस ने रेड मारकर किया गिरफ्तार

पटना, 1 अगस्त (एजेंसियां)। कोतवाली थाना क्षेत्र डाकबंगला चौराहा स्थित एक स्पा सेंटर में शाम छापेमारी की गई। पुलिस टीम ने वहां से एक नाबालिग और एक युवती मुक्त कराते हुए संचालिका को गिरफ्तार कर लिया गया। स्पा के अंदर से आपत्तिजनक सामान मिले हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि स्पा सेंटर देह व्यापार का धंधा होता है। छापेमारी के दौरान सेंटर के अंदर युवती और नाबालिग बैठी थी। उनसे पूछताछ करने पर पता चला कि प्रलोभन देकर उनसे गलत काम कराया जा रहा था। डीएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पटना में पुलिस लगातार सेक्स रैकेट के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# संभल शाही जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली जेल से रिहा

संभल, 1 अगस्त (एजेंसियां)। संभल में शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हिंसा में बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए लोगों में से हिंसा में चार लोगों की हुई थी मौत। उग्र भीड़ ने कई गाड़ियां भी फूंक दी इस मामले में तीन महिला और जफर अली सहित कुल 96 अभियुक्तों को जेल भेजा गया था। शाही जामा मस्जिद हिंसा मामले में 131 दिन जेल में बिताने के बाद शाही जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट मुरादाबाद जेल से रिहा हो गए हैं। जेल से बाहर आते ही उनका जोरदार स्वागत किया गया। परिजनों और समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाईं, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया गया। रिहाई के बाद जफर अली ने कहा, 'अल्लाह के फजल से और आप सबकी दुआओं से मैं जेल से छूटकर वापस आ गया हूं। अब अदालत में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे, मजबूती से लड़ेंगे।' उन्होंने जनता से अपील की और कहा कि अमन और शांति बनाए रखें और कोई ऐसा बयान न दें जिससे किसी को ठेस पहुंचे या माहौल खराब हो। गौरतलब है कि संभल की कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 335/24 के तहत जफर अली को जेल भेजा गया था। मामला शाही जामा मस्जिद में किए गए सर्वे और इसके बाद हुई हिंसा से जुड़ा है।

## 'भगवा आतंकवाद' को लेकर इमरान मसूद का बड़ा दावा

## इन्हें बताया जिम्मेदार, कहा- बीजेपी ने मंत्री बनाया



सहारनपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। 'भगवा आतंकवाद' को लेकर बीजेपी द्वारा किए जा रहे हमलों पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि इस शब्द को तत्कालीन होम सेक्रेटरी की ओर से गढ़ा गया था। ये उनका ही नैरेटिव था जिसके बदले में वो दस साल तक बीजेपी सरकार में मंत्री रहे। सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद ने भगवा आतंकवाद का शब्द तत्कालीन होम सेक्रेटरी ने गढ़ा था, उसके बदले आर के सिंह को मंत्री पद से नवाजा गया और वो भाजपा की सरकार में 10 साल तक मंत्री रहे। देश को सब समझ में आ रहा है। मसूद ने कहा कि इससे ज्यादा उम्मीद इनसे क्या की जा सकती है। जो लोग मरे उनके साथ इंसाफ़ हुआ नहीं। ब्लास्ट भी हुए, स्कूटर किसके नाम था?

एनआईए की विफलता है। ये उच्च अदालत में भी नहीं जाएंगे। मुंबई के आरोपियों को बरी किया गया तो ये तुरंत उच्च अदालत चले गए। लेकिन, इस मामले में नहीं जाएंगे। देश के अंदर ये सारी चीज़ें हो रही हैं। मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। अर्थव्यवस्था डूब गई है। देश गर्त में चला गया है लेकिन, यह करते रहेंगे हिन्दू मुस्लिम। लोगों के कारोबार तबाह हो गए। कुछ दिनों में कटोरा हाथ में आने की नौबत आने वाली है

## सपा में शामिल होंगे लालू के लाल तेज प्रताप यादव

# ओपी राजभर के बयान से मची सियासी हलचल



लखनऊ, 1 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बिहार में विपक्ष पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बारे में 'गलत सूचना फैलाने' का आरोप लगाया और दावा किया कि 'उन्हें (विपक्ष को) फर्जी मतदाताओं की मदद से विधानसभा चुनाव जीतने की उम्मीद थी'। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष का यह भी मानना है कि बिहार में मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद), उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) से अपने निष्कासित नेता तेज प्रताप यादव को 'समायोजित' करने के लिए कह सकता है।

राजभर आगामी चुनाव में अपनी पार्टी की संभावनाओं का जायजा लेने के लिए बिहार आए थे। उन्होंने कहा, 'मेरी पार्टी को राजभर, राजवंशी, लोहार और अन्य अति पिछड़ी जातियों का अच्छा-खासा समर्थन प्राप्त है, जिन्हें अब तक बिहार में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। हमारे समर्थन से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के नेतृत्व वाले गठबंधन को पिछले साल हुए उपचुनाव में भारी जीत हासिल करने में मदद मिली, जबकि कुछ महीने पहले ही लोकसभा चुनाव में उसका प्रदर्शन उम्मीद से कम रहा था।' राजभर ने कहा, 'हम भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के संपर्क में हैं।

उन्होंने वादा किया है कि हमें बिहार विधानसभा चुनाव में सम्मानजनक हिस्सेदारी मिलेगी। हम राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी के रूप में लड़ना पसंद करेंगे, लेकिन जरूरत पड़ने पर अकेले लड़ने से भी नहीं हिचकिचाएंगे। 100 से ज्यादा सीट पर हमारी मजबूत उपस्थिति है।

## युवा इंजेक्शन से ले रहे स्मैक बस स्टैंड बना मुख्य केंद्र

किशनगंज, 1 अगस्त (एजेंसियां)। किशनगंज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने युवा पीढ़ी को अपनी चपेट में ले लिया है। शहर के बस स्टैंड ओवर ब्रिज इलाके में नशे का एक नया और खतरनाक रूप सामने आया है। यहां युवा नशीली दवाओं को इंजेक्शन के माध्यम से अपने शरीर में प्रवेश करा रहे हैं। इस चलन ने स्थानीय समुदाय और प्रशासन को चिंतित कर दिया है। युवा 'इविल' नामक दवा में स्मैक मिलाकर उसे गर्म करते हैं। फिर सिरिंज के जरिए अपनी नसों में इंजेक्शन के रूप में लेते हैं। यह प्रक्रिया स्वास्थ्य के लिए घातक है और कई युवाओं की जान ले रही है। किशनगंज का बस स्टैंड इस अवैध गतिविधि का मुख्य केंद्र बन गया है। यहां दिन-रात इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

## मोतिहारी में 7 माह की गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत

मोतिहारी, 1 अगस्त (एजेंसियां)। मोतिहारी के मेहसी थाना क्षेत्र के चक फतेउल्लाह गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। गुरुवार संध्या को हुई इस घटना में मृतका की पहचान 22 वर्षीय सहिना खातून के रूप में हुई है। सहिना 7 माह की गर्भवती थी और उसके परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता मोहम्मद मुस्लिम ग्राम मथुरापूर, थाना तुरकालिया, जिला मोतिहारी के निवासी हैं। सहिना का निकाह 16 नवंबर 2024 को फतेउल्लाह निवासी मोहम्मद इमाम उद्दीन के साथ हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शानू गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हो गए हैं।

# अग्नि रूप में दर्शन देते हैं भगवान शिव

**अरुणाचलेश्वर मंदिर को अन्नामलाईयार मंदिर भी कहते हैं. यह तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई में है. अरुणाचलेश्वर मंदिर में 3 फीट ऊंचा है अन्नामलाईयार लिंगम . यहां पर भगवान शिव अग्नि रूप में दर्शन देते हैं. तो जानते हैं अरुणाचलेश्वर मंदिर का इतिहास.**

## 3 फीट ऊंचा है अन्नामलाईयार लिंगम




महादेव के भक्तों और सावन के महीने के बीच गहरा संबंध है। यह महीना न केवल देवाधिदेव महादेव की भक्ति में डूबने, बल्कि उन सुंदरता से भरे मंदिरों के दर्शन का भी है, जो देश भर के कई स्थानों पर बने हैं। ऐसा ही एक मंदिर तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई पहाड़ी के बीच स्थित है, जिसका नाम अरुणाचलेश्वर मंदिर है। 'पंच भूत स्थलों' में से एक मंदिर में महादेव अग्नि रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। यह मंदिर अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा और द्रविड़ स्थापत्य की भव्यता के लिए विश्वविख्यात है।

**3 फीट ऊंचा है अन्नामलाईयार लिंगम**

तमिलनाडु पर्यटन विभाग के अनुसार, अरुणाचलेश्वर शिव मंदिर तिरुवन्नामलाई पहाड़ी की तलहटी में 24 एकड़ में फैला है। इसका 217 फीट ऊंचा 'राज गोपुरम' दूर से ही भक्तों का ध्यान खींचता है। मंदिर की दीवारों पर चोल, विजयनगर और नायकर वंशों की कला से सजी नक्काशी प्राचीन कथाओं को जीवंत करती है। मंदिर का गर्भगृह, जहां 3 फीट ऊंचा अन्नामलाईयार लिंगम स्थापित है, ऊर्जा का केंद्र है। इस अग्नि लिंगम के दर्शन मात्र से भक्तों का मन शांति और भक्ति से भर जाता है।



**अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट हुए महादेव**

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से उनकी आंखें बंद करने को कहा। इससे ब्रह्मांड में हजारों वर्षों तक अंधकार छा गया। ऐसे में भक्तों ने कड़ी तपस्या की और उनसे भोलेनाथ प्रसन्न होकर शिव अरुणाचल पहाड़ी पर अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट हुए, तभी से यह स्थान अरुणाचलेश्वर के नाम से पूजा जाता है।

मंदिर का डिजाइन द्रविड़, विजयनगर और चोल सहित कई स्थापत्य शैलियों का अद्भुत संगम है। मंदिर में आठ शिवलिंग स्थापित हैं, जिनकी पूजा इंद्र, अग्नि, यम, वरुण जैसे देवताओं ने की थी। ये लिंगम भक्तों के लिए विशेष महत्व रखते हैं। हर साल कार्तिगई माह में मनाया जाने वाला कार्तिगई दीपम उत्सव इस मंदिर की शान है।

पहाड़ी की चोटी पर विशाल दीप प्रज्वलन का दृश्य रात के आकाश को रोशन कर देता है। वहीं, मंदिर की हवा में मंत्रों की गूंज, फूलों और धूप की सुगंध भक्तों को अलौकिक अनुभव देती है। तिरुवन्नामलाई शहर का प्राकृतिक सौंदर्य मंदिर की भव्यता को और बढ़ाता है। पहाड़ी की चोटी से दिखने वाला मनोरम दृश्य हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देता है।

**ग्रेनाइट पत्थरों से बना है मंदिर**

9वीं शताब्दी में चोल वंश द्वारा स्थापित इस मंदिर को विजयनगर और नायकर शासकों ने और भव्य बनाया। ग्रेनाइट पत्थरों से निर्मित यह मंदिर द्रविड़, चोल और विजयनगर स्थापत्य का अनूठा संगम है। यह न केवल पूजा स्थल, बल्कि कला और आध्यात्मिकता का संगम भी है।

# शल्य बने कर्ण के सारथी, लेकिन निभाई पांडवों की नैतिक मदद

युद्ध में शल्य को कर्ण का सारथी बनाया गया। लेकिन उन्होंने अपनी शर्त का पूरा लाभ उठाया। वे पूरे युद्ध के दौरान कर्ण को पांडवों की वीरता, खासकर अर्जुन की शक्ति की याद दिलाते रहे। इससे कर्ण का मनोबल कई बार डगमगाया। वे शाम को भी कौरवों की कमजोरियां गिनाते और पांडवों की रणनीति की सराहना करते।

**शब्दों से कमजोर किया कौरव पक्ष**

शल्य ने भले ही कौरवों की ओर से युद्ध लड़ा, लेकिन उनकी वाणी से पांडवों का ही मनोबल बढ़ा। उन्होंने



कर्ण जैसे योद्धा को मानसिक रूप से कमजोर किया और कौरवों के मन में संदेह भर दिया। यही उनकी असली रणनीति थी जो उन्होंने चालाकी से निभाई। शल्य की यह कहानी हमें यह सिखाती है कि युद्ध सिर्फ शस्त्रों से नहीं जीते जाते, कई बार शब्दों की शक्ति भी दुश्मन की सबसे बड़ी कमजोरी बन जाती है। उन्होंने अपने वचन का पालन करते हुए भी पांडवों की नैतिक जीत सुनिश्चित की। यह घटना महाभारत की सबसे रोचक और रणनीतिक कहानियों में से एक है।

(समाप्त)

# बाथरूम से लेकर बेडरूम तक फिटकरी के ये टोटके

**फिटकरी के चमत्कारी फायदे**

ऋषिकेश के स्थानीय निवासी और ज्योतिषी अजय कोठरी ने बताया कि फिटकरी का इस्तेमाल बहुत शुभ और प्रभावी माना गया है। खासतौर पर उन लोगों के लिए जो मेहनत तो करते हैं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिलती या फिर बार-बार इंटरव्यू में असफल हो जाते हैं। ऐसे में फिटकरी का एक छोटा सा उपाय बेहद लाभदायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि अगर कोई नौकरी के लिए इंटरव्यू देने जा रहा है, तो हर मंगलवार या शनिवार को फिटकरी का छोटा टुकड़ा अपने साथ रखें। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा और नकारात्मक असर कम होगा। यह उपाय खासकर युवा वर्ग के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

**आर्थिक परेशानी से छुटकारा**

अगर आपकी आमदनी ठीक है लेकिन पैसे रुकते नहीं हैं या खर्चे बहुत ज्यादा हो जाते हैं, तो फिटकरी का ये उपाय आपकी मदद कर सकता है। नहाने के पानी में थोड़ा सा फिटकरी पाउडर मिलाएं और रोज़ इससे स्नान करें। यह न सिर्फ शरीर को तरोताजा रखता है बल्कि आसपास की नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है। ऐसा करने से मानसिक तनाव भी कम होता है और घर का वातावरण शांत रहता है।

वास्तु दोष को भी ठीक करने का उपाय

अजय कोठरी के अनुसार, अगर किसी घर में लगातार कलह का माहौल रहता है, परिवार के सदस्य तनाव में रहते हैं या छोटी-छोटी बातों पर झगड़े होते हैं, तो इसका कारण वास्तु दोष हो सकता है। इस स्थिति में फिटकरी एक आसान उपाय है। गुरुवार को छोड़कर हफ्ते के बाकी दिनों में जब भी घर में पोछा लगाएं तो पानी में नमक के साथ थोड़ी सी फिटकरी भी मिला लें। यह उपाय नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करता है और घर में शांति बनाए रखने में मदद करता है।

# ऐसी राखी जो बदल सकती है भाई का भाग्य, वास्तु के अनुसार करें सही रंग और धागे का चुनाव



रक्षाबंधन सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते की आत्मा है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर एक धागा बांधती हैं, जो न सिर्फ रक्षा का प्रतीक है बल्कि प्रेम, आशीर्वाद और उम्मीद की डोर भी है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि इस धागे का सही चुनाव अगर वास्तु के अनुसार किया जाए, तो यह आपके भाई के जीवन में नए रास्ते खोल सकता है?

**रक्षासूत्र की शुरुआत**

महाभारत के प्रसंग से यह समझ आता है कि राखी केवल धागा नहीं होती। जब श्रीकृष्ण की उंगली कट गई थी, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का किनारा फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दिया। यह रिश्ता उस दिन से शुरू हुआ। जब द्रौपदी पर संकट आया, श्रीकृष्ण उसी धागे की याद में उसकी रक्षा के लिए आगे आए। तब से राखी सिर्फ एक परंपरा नहीं, एक मजबूत भावनात्मक डोर बन गई।

रंगों का असर

राखी का रंग वास्तु के अनुसार बहुत मायने रखता है। हर रंग एक खास असर डालता है:

**लाल रंग** – यह साहस, शक्ति और आत्मबल से जुड़ा होता है। ऐसी राखी भाई को निडर और आत्मविश्वासी बनाती है।

**पीला रंग** – ज्ञान और तरक्की से जुड़ा माना जाता है। पढ़ाई या कामकाज में आगे बढ़ने के लिए पीली राखी को शुभ कहा गया है।

**हरा रंग** – यह शांति और संतुलन का प्रतीक है। ऐसे भाई जो तनाव या उलझनों से जूझ रहे हों, उनके लिए हरी राखी फायदेमंद होती है।

**सफेद रंग** – मन की शुद्धता और गुस्से पर नियंत्रण के लिए यह रंग उपयुक्त है।

काला या भूरा रंग – ऐसे रंगों से बचना चाहिए क्योंकि ये नकारात्मकता, रुकावट और असंतुलन को बढ़ा सकते हैं।

**धागे की किस्म और सामग्री**

राखी का धागा जितना प्राकृतिक होगा, उसका असर उतना अच्छा माना गया है। सूती या रेशमी धागे से बनी राखियां स्थिरता और सुरक्षा का संकेत देती हैं। प्लास्टिक या रबर से बनी राखियों में वह ऊर्जा नहीं होती जो भाई के जीवन में सकारात्मक असर ला सके।

शुभ चिन्ह और धातुएं

कुछ राखियों में खास चिन्ह होते हैं जिनका विशेष महत्व होता है:

**स्वस्तिक, ॐ, त्रिशूल और शंख** – ये प्रतीक बुरी नजर और नकारात्मक ताकतों से रक्षा करते हैं।

**रुद्राक्ष वाली राखी** – ग्रहों के दुष्प्रभाव से सुरक्षा देती है।

**चांदी या तांबे की राखी** – ये धातुएं ऊर्जा को सही दिशा में ले जाती हैं।

**मोती, कौड़ी और शंख** – ये समृद्धि और शांति लाते हैं। मोती मन को मजबूत बनाता है, कौड़ी और शंख आर्थिक उन्नति के संकेतक हैं।

**राखी में मंत्रों की शक्ति**

कुछ राखियों में 'ॐ नमः शिवाय' या 'ॐ गणेशाय नमः' जैसे मंत्र लिखे या बोले जाते हैं। इन मंत्रों की ध्वनि घर में सकारात्मक ऊर्जा फैलाती है और भाई के जीवन में मानसिक स्थिरता लाती है।

**बहन की भावना ही असली शक्ति**

राखी में सबसे बड़ा असर बहन के मन की भावना और शुभकामना का होता है। राखी बांधते समय बहन जो सोचती है, वही ऊर्जा राखी में समा जाती है। अगर मन में सच्चा प्रेम और अच्छे इरादे हों, तो यही धागा भाई के भाग्य को बदल सकता है।

# सावन में शिव पूजा के नियम

**सावन का प्रारंभ होने के साथ ही व्यक्ति को सात्विक जीवन अपनाना चाहिए। आप शाकाहारी भोजन करें। मन, वचन और कर्म से शुद्धता को अपनाएं। योग और साधना करें। मन को शांत रखें। क्रोध, लोभ, मोह, द्वेष आदि नकारात्मकता से दूर रहें।**

**भगवान शिव की पूजा में बेलपत्र, गंगाजल, भांग, धतूरा, अक्षत, गाय का दूध का उपयोग करें। शिव जी की पूरी पूजा सामग्री नहीं है तो परेशान न हों, आप सिर्फ बेलपत्र और पवित्र जल अर्पित करके भी भोलेनाथ कपूजा कर सकते हैं।**

**भगवान भोलेनाथ की पूजा में हल्दी, तुलसी के पत्ते, सिंदूर, केतकी के फूल, नारियल, शंख आदि वर्जित हैं। इनका उपयोग नहीं किया जाता है। ये सभी शापित हैं या इनको न चढ़ाने के पौराणिक कारण हैं।**

**जो लोग गुरु दीक्षा ले चुके हैं, वे ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप रुद्राक्ष की माला से कर सकते हैं। जो लोग गुरु दीक्षा नहीं लिए हैं, वे लोग नमः शिवाय मंत्र का जाप करें। वे भी रुद्राक्ष की माला का उपयोग कर सकते हैं।**

**श्रावण मास में सावन सोमवार, मंगला गौरी, सावन शिवरात्रि और सावन प्रदोष का व्रत जरूर रखना चाहिए। यदि आप इतने व्रत नहीं रख सकते हैं तो सावन शिवरात्रि का व्रत रखें।**

**शिव पूजा के समय मंत्र जाप करने के अलावा आप शिव चालीसा, शिव स्तोत्र का पाठ कर सकते हैं। शिव जी की आरती कर सकते हैं। चालीसा और आरती करके भी आप शिव कृपा प्राप्त कर सकते हैं।**

**पूरे सावन माह में ब्रह्मचर्य के नियमों का पालन करें। भूमि पर शयन करें।**

**सावन में शिव पुराण की कथा सुनें और शिव चर्चा में शामिल हों।**

**पूरे सावन में तामसिक वस्तुओं जैसे शराब, मांस, सिगरेट, बीड़ी, लहसुन, प्याज का आदि सेवन नहीं करना चाहिए।**

**पूरे सावन माह में शिवलिंग पर जल चढ़ाएं। एक लोटा जल चढ़ाने से भी महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। जलाभिषेक करने से शिव कृपा आसानी से प्राप्त होती है।**





# सड़क पर गिरे पैसे उठाना सही है या गलत प्रेमानंद महाराज ने बताई चौंकाने वाली सच्चाई

प्रेमानंद महाराज जी ने बताया कि सड़क पर पैसे मिलना एक शुभ संकेत माना जाता है, लेकिन इसे उठाकर अपने पास नहीं रखना चाहिए, क्योंकि ये चौरी करने के समान माना गया है।

ये धन किसी और का होता है उसे उठाकर अपने लिए इस्तेमाल करना उचित नहीं। सड़क पर पैसे मिले तो इसे उठाकर किसी जरुरतमंदों को दान कर सकते हैं या किसी धर्म कर्म के कार्य में इस्तेमाल करें।

महाराज जी के अनुसार सड़क पर मिले पैसे से गौमाता की सेवा कर देनी चाहिए, इससे पुण्य की प्राप्ति होती है। इन पैसों का अपने हित के लिए नहीं बल्कि समाज कल्याण के लिए सही दिशा में उपयोग करना ही समझदारी और सद्भावना का परिचय है।

ऐसा करने पर समाज में सकारात्मकता फैलती है, आपकी नेक नीयत आपके तमाम पापों को मिटाने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि जो लोग घरों या किसी सार्वजनिक स्थल पर भी काम करते हैं उन्हें भी इस बात का खास ख्याल रखना चाहिए।

प्रेमानंद महाराज ने कहा सड़क पर या कहीं पर आपको गिरे पैसे मिले (जो आपके नहीं हैं) उसे जनसेवा में लगाने पर गिरा हुआ पैसा जिस किसी का था उसके लिए भी मंगल होगा और जिसने उसे सही जगह लगाया उसका भी मंगल होगा।

# अहंकार को इतना बड़ा मत करिए कि वो क्रोध में बदले

कोई कितने ही संकल्प ले ले, क्रोध छूटता नहीं है। क्रोध करने के बाद लगता है ठीक नहीं किया, पर क्रोध आता है। तो एक काम करिए- क्रोध की सीमारेखा तय करिए घर में, और घर के बाहर। घर में जाहिर है अपने ही लोगों पर गुस्सा आता होगा।बाहर की दुनिया में यदि आपके पास नेतृत्व है तो गुस्से का रूप अलग है और यदि मातहत कार्य कर रहे हैं तो गुस्से का रूप अलग। पर आता सबको है। क्रोध से प्रेरणा भी मिल सकती है। क्योंकि क्रोध जिस ऊर्जा से सक्रिय होता है, वही संकल्प-शक्ति में बदल जाती है। क्रोध की ऊर्जा यदि विद्रोह में बदल गई तो उदासी आ जाती है।अब दिन-ब-दिन क्रोध और बढ़ेगा। जरा-जरा सी बात पर गुस्सा आएगा नई पीढ़ी को, जिसके लक्षण दिख भी रहे हैं। तो क्रोध गिराना हो तो अपने अहंकार पर काम करिए। अकेले ही आए हैं, अकेले ही जाना है, बीच का ये जो खेल है, इसमें अहंकार को इतना बड़ा मत करिए कि वो थोड़ी-थोड़ी देर में क्रोध में बदले। क्रोध का परिणाम स्वास्थ्य, संबंध और संतान-तीनों पर बुरा ही पड़ता है।





# क्या इन बड़ी फिल्मों से बॉक्स ऑफिस पर छाएंगी तृप्ति डिमरी ?

'लैला मजनू' और 'बुलबुल' में अपनी दमदार एक्टिंग से तृप्ति डिमरी ने खूब तारीफ पाई थी. हालांकि उन्हें लाइमलाइट संदीप रेड्डी वांगा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' से मिली थी. इस फिल्म ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया था. 'एनिमल' में उन्होंने रणबीर कपूर के साथ काम किया था. हालांकि उनका किरदार छोटा था, लेकिन उन्होंने एनिमल की भाभी नंबर 2 बनकर लोगों का दिल जीत लिया था. इस इस किरदार ने उन्हें बड़े निर्देशकों और निर्माताओं की नज़रों में ला खड़ा किया था. वहीं अब तृप्ति अपनी चार फिल्मों से धमाल मचाने वाली हैं.चलिए यहां जानते हैं तृप्ति की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट

**धड़क 2**

तृप्ति डिमरी की धड़क 2 आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. इस रोमांटिड ड्रामा में वे सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आ रही हैं. फिल्म के ट्रेलर को लोगों ने खूब पसंद किया था और इसी के साथ तृप्ति की एक्टिंग की भी तारीफ हुई थी. यह रोमांटिक ड्रामा जातिगत भेदभाव, प्यार और सामाजिक बंधनों जैसे टॉपिक्स को हाईलाइट करत है. ये फिल्म 2018 की फ़िल्म धड़क की सीक्वल है और क्रिटिक्स द्वारा सराही गई तमिल फ़िल्म परियेरुम पेरुमल का रीमेक है. उम्मीद है कि धड़क 2 बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करेगी.

तृप्ति डिमरी की अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में स्प्रिट भी शामिल है. इस फिल्म को भी ब्लॉकबस्टर एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ही निर्देशित कर रहे हैं. दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म में तृप्ति ने दीपिका पादुकोण को रिप्लेस किया है. फिल्म की शूटिंग सितंबर 2025 से शुरू होगी. इस फिल्म में तृप्ति प्रभास संग स्क्रीन शेयर करेंगी.

**रोमियो**

तृप्ति की एक और बड़ी फिल्म रोमियो है. इस फिल्म में एक्ट्रेस शाहिद कपूर संग स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगीं. इसे विशात भारद्वाज डायरेक्ट कर रहे हैं और साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म में नाना पाटेकर, रणदीप हुड्डा, विक्रांत मैसी और फ़रीदा जलाल जैसे शानदार कलाकार भी हैं. रोमियो सिनेमाघरो में 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी.

**एनिमल पार्क**

तृप्ति डिमरी एनिमल के सीक्वल एनिमल पार्क में भी नजर आएंगी. इसी के साथ एक बार फिर वे संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म में काम करेंगी और रणबीर कपूर संग स्क्रीन शेयर करेंगी. इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है. फिल्म के साल 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है. एनिमल पार्क की रिलीज डेट को लेकर कुछ भी ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया गया है. इसके अलावा तृप्ति के पास इम्तियाज अली की भी एक अनटाइटल्ड फिल्म है. इसका प्रोडक्शन अभी शुरुआती फेज में है.

# जल्द आ रही है अजय देवगन व रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5'



अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है. फिल्म में एक्टर ने सिर्फ कॉमेडी और एक्शन ही नहीं दिखाया बल्कि फैंस को एक बड़ा सरप्राइज भी दिया है. दरअसल 'सन ऑफ सरदार 2' में डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने जबरदस्त कैमियो किया है. इस कैमियो में उन्होंने 'गोलमाल 5' को लेकर एक बड़ा ऐलान भी किया. जिसे जानकर अजय के फैंस खुशी से झूम उठे हैं.

**रोहित शेट्टी ने किया 'गोलमाल 5' का ऐलान**

दरअसल रोहित शेट्टी ने 'सन ऑफ सरदार 2' के कैमियो में अजय देवगन के साथ अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' का ऐलान कर दिया है. फिल्म के एक सीन में अजय और रोहित बात करते हुए कहते हैं कि, "अब तो गोलमाल 5 भी करनी है.."

**साल 2006 में रिलीज हुआ था पहला पार्ट**

रोहित शेट्टी की ये फिल्म बॉलीवुड की सबसे सफल कॉमेडी फ्रैंचाइजियों में से एक है. इसका पहला पार्ट 2006 में रिलीज हुआ था. जिसमें अजय देवगन के साथ अरशद वारसी, तुषार कपूर और शरमन जोशी और परेश रावल ने अपनी कॉमेडी से तहलका मचा दिया था. इनकी कॉमेडी को लोगों को ने खूब पसंद किया था. ये फिल्म आज भी फैंस की फेवरेट फिल्मों में से एक है.

**फिल्म के चारों पार्ट्स रहे सुपरहिट**

बता दें कि 'गोलमाल' की अपार सफलता के बाद रोहित अजय देवगन के साथ साल 2008 में 'गोलमाल रिटर्न्स', साल 2010 में 'गोलमाल 3' और साल 2017 में 'गोलमाल अगेन' लेकर आए. इन चारों पार्ट्स को भी दर्शकों को खूब प्यार मिला. वहीं अब फैंस को 'गोलमाल 5' का बेसब्री से इंतजार है.

**कब रिलीज हुआ 'सन ऑफ सरदार 2'?**

बात करें 'सन ऑफ सरदार 2' की तो इसमें अजय देवगन के साथ इस बार मृणाल ठाकुर और रवि किशन नजर आ रहे हैं. फिल्म में दिवंगत एक्टर मुकूल देव भी अहम किरदार में हैं. इस फिल्म का पहला पार्ट साल 2012 में रिलीज हुआ था. जिसमें अजय देवगन संग सोनाक्षी सिन्हा नजर आ थी.

# धर्म के कारण टूटा आकांक्षा पुरी का एक्स बॉयफ्रेंड संग रिश्ता



आकांक्षा पुरी अक्सर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं. वो हमेशा अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बात करती हैं. कुछ वक्त पहले आकांक्षा का नाम दो शादीशुदा और दो बच्चों के पिता भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव से जुड़ा था.

वहीं, आकांक्षा 'बिग बॉस' फेम पारस छाबड़ा को भी डेट कर चुकी हैं. अब हाल ही में आकांक्षा ने अपने एक्स बॉयफ्रेंड के बारे में खुलकर बात की है. फिल्मीज्ञान को दिए इंटरव्यू में आकांक्षा ने एक्स बॉयफ्रेंड के बारे में कहा,'वो बहुत धार्मिक थे और फैमिली की बहुत वैल्यू देते थे जो मैं नहीं कर पाती थी.

अकेले रहकर खुद की कंपनी को एंजॉय करना मैंने उन्हीं से सीखा है. मैं काफी इंट्रोवर्ड थी और वो बहुत जल्द दोस्त बनाते थे. अगर आज मैं इन चीजों को लेकर बदली हूं तो इसका क्रेडिट उन्हें ही जाता है. आकांक्षा ने कहा कि सच्चा प्यार ढूंढना नहीं पड़ता अगर किस्मत में होता है तो मिल जाता है.

आकांक्षा ने फ्रीज करवाए एग्स

हालांकि, आकांक्षा ने ये नहीं बताया कि उनका ब्रेकअप क्यों हुआ था. बता दें बी-टाउन की कुछ हसीनाओं की तरह आकांक्षा ने भी अपने एग्स फ्रीज करवाए हैं. जी हां, उन्होंने कुछ साल पहले एग्स फ्रीज करवाए थे. एक इंटरव्यू में आकांक्षा ने कहा था कि अगर मुझे मां बनना है तो मैं तैयार रहूंगी.

**बेबी कर सकती हूं प्लान**

मेरी च्वॉइस होगी कि अगर मुझे सिंगल मदर बनना होगा तो वो भी बन सकती हूं. अगर मुझे किसी का साथ मिले तो वो भी ठीक ना मिले तो वो भी ठीक. उन्होंने कहा कि मैं इस काबिल हूं कि मैं बेबी कर सकती हूं. एक्ट्रेस ने बताया था कि उनकी मां ने इस प्रोसेस में उनका बहुत साथ दिया था.

**पारस छाबड़ा संग था अफेयर**

आकांक्षा ने बताया कि उनकी मां ने कहा था कि हमारे पास ये ऑप्शन नहीं था, आपके पास है तो क्यों नहीं यूज करते. बता दें आकांक्षा पुरी की लव लाइफ किसी से छिपी नहीं है. सबसे पहले तो उनका अफेयर पारस छाबड़ा से रहा. एक सीरियल के दौरान दोनों का अफेयर हुआ और पारस के बिग बॉस में जाने से पहले ये रिश्ता टूट गया. इसके बाद आकांक्षा ने मीका दी वोटी में भी हिस्सा लिया और सिंगर का दिल जीत लिया. काफी वक्त तक उन्होंने मीका को डेट किया लेकिन फिर ब्रेकअप हो गया. 'बिग बॉस ओटीटी' के दौरान आकांक्षा का जद हदीद संग लिप लॉक काफी चर्चा में आया था.

# रश्मिका ने 'किंगडम' को सराहा तो विजय देवरकोंडा ने तारीफ पर दिया रिएक्शन





हाल ही में साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' रिलीज हुई, इसे हिंदी में 'साम्राज्य' नाम से रिलीज किया गया। इस फिल्म की रिलीज के बाद विजय देवरकोंडा की रूमर्ड गर्लफ्रेंड रश्मिका मंदाना ने एक्टर की जमकर तारीफ की है। इस पर विजय ने भी रिएक्ट किया है।

**रश्मिका की तारीफ भरी पोस्ट का विजय ने दिया जवाब**

गुरुवार को सिनेमाघरों में विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' रिलीज हुई। फैंस ने इस फिल्म का काफी सराहा है। साथ ही विजय देवरकोंडा की रूमर्ड गर्लफ्रेंड रश्मिका मंदाना ने भी फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट की है। वह अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'मुझे पता है कि 'किंगडम' आपके लिए और आपसे प्यार करने वाले सभी लोगों के लिए कितनी मायने रखती है।' वह आगे लिखती हैं, 'मनम कोट्टिनम विजय देवरकोंडा और किंगडम फिल्म का हैशटैग बनाती हैं।' रश्मिका मंदाना की इस पोस्ट पर विजय ने भी रिएक्शन दिया और लिखा, 'मनम कोट्टिनम।'

**रश्मिका ने फिल्म के ट्रेलर को भी सराहा था**

पिछले दिनों जब विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' का ट्रेलर रिलीज हुआ था तो भी रश्मिका ने एक्टर का हौसला सोशल मीडिया पर बढ़ाया था। रश्मिका के अलावा कई साउथ एक्टर्स ने विजय की फिल्म को पसंद किया, उसकी तारीफ की। इस पर विजय देवरकोंडा ने ट्विट किया और लिखा, 'काश मैं आपके साथ शेयर कर पाता कि अभी कैसा महसूस कर रहा हूं। काश आप सभी मेरे साथ ऐसा महसूस कर पाते।' फिल्म 'किंगडम' को गौतम तिन्ननुरी ने डायरेक्ट किया है।

**रश्मिका के साथ समय गुजारना चाहते हैं विजय**

विजय देवरकोंडा ने पिछले दिनों सिनेमा विकटन नाम के यूट्यूब चैनल को एक इंटरव्यू दिया, जिसमें गर्लफ्रेंड और करीबी लोगों के साथ समय गुजारने की बात कही। वह कहते हैं, 'पहले मुझे अपने मम्मी-पापा, दोस्तों और गर्लफ्रेंड के साथ वक्त गुजारने के लिए समय नहीं मिल पाता था। मुझे इस बात का अफसोस होता था। फिर मैंने सोचा कि इस अहसास के साथ नहीं जीना है। अब मैं अपने लोगों के लिए समय निकालने की कोशिश करता हूं।'

# शादी और बच्चों को लेकर तारा सुतारिया का खुलासा बोलीं- 'बच्चों के बारे में सोचने का समय नहीं सोचा'



तारा सुतारिया ने कथित तौर पर 2019 से 2023 तक आधार जैन को डेट किया था और अब उनकी वीर पहरिया के साथ डेटिंग की अफवाहें हैं। वहीं हाल ही में तारा ने शादी और मां बनने की इच्छा पर अपने विचार साझा किए हैं।

**शादी और प्यार पर तारा के विचार**

एक खबर के मुताबिक, शादी के सवाल पर तारा ने मुस्कुराते हुए कहा, जरूर, मुझे प्यार बहुत पसंद है। उन्होंने बताया कि जो लोग उन्हें जानते हैं, वे उनके प्यार के प्रति जुनून से वाकिफ हैं। जब इंटरव्यू में कहा गया कि वह एक अच्छी पत्नी होंगी, तो तारा ने जवाब दिया, जो लोग प्यार को उतना ही महत्व देते हैं, जितना मैं देती हूं, वे अच्छे साथी बनते हैं। प्यार जिंदगी को और खूबसूरत बनाता है।

**बच्चों को लेकर तारा की राय**

जब तारा से पूछा गया कि क्या वह अपने जीवन में कभी मां बनना चाहती हैं, तो तारा ने कहा, मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा। उन्होंने बताया कि उनके दोस्त और परिवार उन्हें स्वाभाविक रूप से देखभाल करने वाली मानते हैं, जिसका श्रेय वह अपनी मां को देती हैं। तारा ने कहा, मुझे लोगों की देखभाल करना, उनके साथ भावनात्मक रूप से जुड़ना और हर तरह से उनके लिए मौजूद रहना पसंद है। लेकिन मां बनने के बारे में मैं पूरी तरह निश्चित नहीं हूं। आज के समय में, जब दुनिया में इतना कुछ गलत हो रहा है, तब बच्चे पैदा करने के बारे में सोचना मुश्किल है। जिंदगी वक्त के साथ बताएगी कि यह मेरे लिए है या नहीं।

**तारा का करियर**

तारा ने अपने करियर की शुरुआत 2019 में 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से की थी। इसके बाद उन्होंने 'मरजावां', 'तड़प', 'हीरोपंती 2', और 'एक विलेन रिटर्न्स' जैसी फिल्मों में काम किया। उनकी आखिरी फिल्म 'अपूर्वा' थी। फिलहाल, तारा ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा नहीं की है और वह म्यूजिक वीडियो पर ध्यान दे रही हैं। हाल ही में वह एपी ढिल्लन के साथ 'थोड़ी सी दारू' और ईशान खट्टर के साथ 'प्यार आता है' में नजर आईं।

# 'पति पत्नी और पंगा' के इवेंट में गुरमीत ने छुए पत्नी देबिना के पैर



गुरमीत चौधरी और देबिना जल्द ही शो 'पति पत्नी और पंगा' में नजर आएंगे। यह शो शनिवार 02 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। कल गुरुवार 31 जुलाई को इस शो का लॉन्च इवेंट मुंबई में आयोजित हुआ। इस दौरान गुरमीत और देबिना बनर्जी ने खूब लाइमलाइट लूटी। शो में गुरमीत अपनी पत्नी के पैर छूते दिखे, यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

**मंच पर गुरमीत ने छुए देबिना के पैर**

'पति पत्नी और पंगा' के इवेंट में गुरमीत और देबिना को पारंपरिक लुक में देखा गया। गुरमीत व्हाइट कलर के कुर्ता-पाजामा में नजर आए। वहीं, देबिना को रेड कलर के ट्रेडिनशल आउटफिट में देखा गया। इवेंट के दौरान गुरमीत ने अपनी पत्नी के पैर छुए। इसके बाद देबिना ने उन्हें आशीर्वाद दिया, 'सदा सुहागर रहो'।

2011 में हुई देबिना-गुरमीत की शादी

इवेंट में होस्ट सोनाली बेंद्रे और मुनव्वर फारुकी ने कपल से उनके रिलेशनशिप के बारे में पूछा, तो गुरमीत और देबिना ने एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाया और फिर एक-दूसरे की तारीफ भी की। गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी 'रामायण' शो में साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने भगवान राम और सीता का रोल अदा किया। कपल ने फरवरी 2011 में शादी रचाई। इनकी दो बेटिया हैं।

**कहां देख सकेंगे शो?**

शो 'पति पत्नी और पंगा' में रिश्तों को कामयाब बनाने वाले तरीकों को अनफिल्टर्ड तरीके से दिखाया जाएगा। इसमें सेलिब्रिटी कपल नजर आएंगे। इसमें रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों पर तकरार और विवाद को दिखाया जाएगा। साथ ही प्यार का असली रूप भी दिखाई देगा कि लड़ाई-झगड़े के बाद भी पति-पत्नी में प्यार बना रहता है। यह शो 02 अगस्त से हर शनिवार और रविवार को रात साढ़े नौ बजे कलर्स पर प्रसारित होगा। वहीं, ओटीटी पर इसे जियोहॉटस्टार पर देखा जा सकता है।

# आरजे महवश संग डेटिंग अफवाहों पर बोले युजवेंद्र चहल, 'बुरा लगा जब उसे घर तोड़ने वाली कह डाला'





भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल पिछले कुछ समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। खासकर जब से उनकी पत्नी धनश्री वर्मा से तलाक की खबरें सामने आईं, तभी से सोशल मीडिया पर उनके और आरजे महविश के बीच रिश्तों को लेकर तमाम तरह की अफवाहें उड़ने लगीं। अब जब वो धनश्री से तलाक ले चुके हैं तो उन्हें आरजे महवश के साथ अक्सर जोड़ा जाता है। हालांकि अब पहली बार चहल ने इन चर्चाओं पर खुलकर बात की है और उन ट्रोल्स को जवाब दिया है जिन्होंने महवश को 'घर तोड़ने वाली' तक कह डाला।

**महवश संग डेटिंग रूमर्स पर बोले चहल**

राज शमानी के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए क्रिकेटर युजवेंद्र चहल ने साफ किया कि उनका और महवश का रिश्ता वैसा नहीं है जैसा लोग सोचते हैं। उन्होंने कहा, 'लोग अपनी सोच के मुताबिक कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन सच्चाई ये है कि मैं अभी भी खुद को संभाल रहा हूं। किसी नए रिश्ते में जाने की बात तो दूर है।' चहल ने बताया कि जब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के दौरान उनकी और महविश की एक फोटो सामने आई थी, तभी से लोग उन्हें जोड़ने लगे। लेकिन हकीकत ये थी कि वो सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।

**'मुश्किल वक्त में वो मेरा सहारा थीं'**

युजवेंद्र ने बताया कि तलाक के मुश्किल दौर में महवश उनके लिए एक मजबूत सहारा बनीं। वो हर उस पल में उनके साथ थीं जब वो बिखरने के कगार पर थे। चहल ने बताया, 'जब सब कुछ खत्म होता महसूस होता है, तो कोई अगर आपका हाथ थाम ले, तो वो रिश्ता दोस्ती से कहीं बड़ा हो जाता है। लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि उसमें रोमांस है। लोग बहुत जल्दी फैसला ले लेते हैं।'

**महवश संग वायरल तस्वीरों पर बोले चहल**

इसके अलावा इंटरव्यू में युजवेंद्र चहल ने बताया कि क्रिसमस डिनर की जो तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई थी, उसमें कुल पांच लोग थे। लेकिन उस फोटो को इस तरह से काटा गया जिससे लगे कि सिर्फ चहल और महवश ही डिनर पर गए थे। उन्होंने कहा, 'महवश पर सोशल मीडिया पर कीचड़ उछाला गया। उन्हें घर तोड़ने वाली कहा गया, गालियां दी गईं, ट्रोल किया गया। चहल ने कहा कि ये सब देखकर उन्हें बेहद बुरा लगा। इसके अलावा इंटरव्यू में चहल ने साफ किया वो किसी रिलेशनशिप में नहीं हैं।

# सत्य नडेला मेरी वजह से माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ बने

## आंध्र सीएम चंद्रबाबू नायुडू ने लिया क्रेडिट, वीडियो वायरल

अमरावती, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायुडू हैदराबाद को टेक्नोलॉजी का हब बनाने के लिए जाते हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें आंध्र के सीएम चंद्रबाबू नायुडू ने एक जनसभा में बड़ा दावा करते दिख रहे हैं। वह वीडियो में कह रहे हैं कि सत्य नडेला माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ मेरी वजह से बने। नायुडू ने नडेला के वैश्विक आइकॉन बनने पर कहा कि हम माइक्रोसॉफ्ट को यहां लाए। नडेला ने वहां काम किया और सीईओ बने। वह भी हमारी पहल की वजह से इस ऊंचाई पर पहुंचे। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायुडू राज्य की नई राजधानी अमरावती को डेवलप करने में जुटे हैं।

आंध्र प्रदेश सीएम नायुडू के बयान का एक वीडियो क्लिप अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया है। सत्य नडेला का जन्म 1967 में हैदराबाद में हुआ था। तब हैदराबाद आंध्र प्रदेश की राजधानी थी। वे 1988 में संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए थे। जबकि आंध्र के सीएम नायुडू 1995 मुख्यमंत्री बने थे। ऐसे में सत्य नडेला ने नायुडू के सीएम बनने से सात साल पहले भारत को छोड़ दिया था।



इसके बाद नडेला ने विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की, उसके बाद शिकागो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए किया। इसके बाद 1992 में माइक्रोसॉफ्ट में शामिल होने से पहले उन्होंने सन माइक्रोसिस्टम्स में काम किया। सत्य नडेला 2014 में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ बने। टीडीपी प्रमुख जब सीएम थे। तब साल 1998 में हैदराबाद उन्होंने टेक्नोलॉजी में बढ़ावा देने की पहल की। हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट का भारत विकास केंद्र (आईडीसी) 1998 में नायुडू के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान स्थापित किया गया था।

एन चंद्रबाबू नायुडू ने पिछले साल जून में लोकसभा के साथ हुए विधानसभा चुनावों में कहा था कि मैंने हैदराबाद बनाया है। मुझे एक मौका दीजिए। मैं अमरावती बनाऊंगा। खुद को हैदराबाद के तकनीकी परिवर्तन का आर्किटेक्ट बताकर नायुडू ने जगनमोहन रेड्डी के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की थी। नायडू ने पिछले साल चौथी बार आंध्र के सीएम तौर पर शपथ ली थी। उन्होंने कुछ समय पहले ही 75वां जन्मदिन मनाया था। नायुडू तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सर्वेसर्वा हैं।

## कुख्यात गुंडा गिरफ्तार, पीडी एक्ट के तहत जेल

आदिलाबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को यहां जनता को आतंकित करने और अपहरण करने के आरोप में एक कुख्यात गुंडे को गिरफ्तार किया गया। आदिलाबाद के डीएसपी एल जीवन रेड्डी ने एक बयान में बताया कि बंगारीगुडा निवासी शेख सलीम उर्फ कैंची सलीम को गिरफ्तार कर हैदराबाद के चंचलगुडा स्थित केंद्रीय कारागार भेज दिया गया है। सलीम के खिलाफ निवारक निरोध (पीडी) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि मावला और आदिलाबाद-1 नगर पुलिस थानों में उसके खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि सलीम पर चाकू दिखाकर लोगों को डराने का मामला दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ एक ऑटो-रिक्शा चालक का अपहरण कर उसकी पिटाई करने का मामला दर्ज किया गया है। डीएसपी ने बताया कि अगर कोई भी कानून-विरोधी गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## लाभार्थी जमीन देने को तैयार नहीं तो इंदिराम्मा आवास रद्द करें : सिद्दीपेट कलेक्टर

सिद्दीपेट, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दीपेट कलेक्टर के. हिमावती ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि लाभार्थी दिशानिर्देशों के अनुसार मकान बनाने के लिए तैयार नहीं हैं तो उन्हें पहले दिए गए इंदिराम्मा मकान रद्द कर दिए जाएं। शुक्रवार को कोंडापाक एमपीडीओ कार्यालय के औचक निरीक्षण के बाद, कलेक्टर ने पाया कि कोंडापाक मंडल को आवंटित 273 घरों में से अब तक 237 घरों की ज़मीन तैयार हो चुकी है। शेष घरों की ज़मीन तैयार होने में देरी का कारण जानने के बाद, हिमावती ने एमपीडीओ को निर्देश दिया कि वे ज़मीन तैयार होने में देरी करने वालों को नोटिस जारी करें और उन्हीं घरों को अन्य ज़रूरतमंद लोगों को आवंटित करें।

उन्होंने एमपीडीओ को इंदिराम्मा आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इससे पहले, उन्होंने तहसीलदार कार्यालय का भी निरीक्षण किया और राजस्व सदनसुलु के दौरान प्राप्त आवेदनों के वितरण की जानकारी ली। तहसीलदार श्याम, एमपीडीओ वेंकटेश्वरलू और अन्य उपस्थित थे।


## शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स धमाका ऑफर- 6वें दिन भी ग्राहकों में गज़ब का उत्साह!









हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शिवराज लक्ष्मीचंद जैन ज्वेलर्स, सोमाजीगुड़ा पर चल रहा 100 प्रतिशत धमाका ऑफर आज अपने छठे दिन में प्रवेश कर चुका है- और हर दिन की तरह आज भी ग्राहकों का अपार स्नेह और विश्वास देखने को मिला।

हमारे शानदार गोल्ड, डायमंड, पोल्की और सिल्वर कलेक्शन को देखने और खरीदने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगातार उमड़ रही है। खासकर 15 प्रतिशत तक की छूट के साथ पेश किया गया डायमंड व पोल्की कलेक्शन सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

वहीं सिल्वर ज्वेलरी को भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है- डिजाइन, रेट और वेरायटी हर किसी को आकर्षित कर रही है।

ध्यान दें - यह धमाका ऑफर केवल 5 अगस्त तक ही सीमित है। ऐसा सुनहरा मौका बार-बार नहीं आता- जिसने समय पर निर्णय लिया, वही सबसे ज़्यादा फायदे में रहा।

और हाँ! आज शनिवार है, और खास सूचना यह है कि आज शोरूम फुल डे खुला रहेगा।

तो जो ग्राहक वीकेंड पर खरीदारी की सोच रहे थे- आज का दिन बिल्कुल परफेक्ट है।

आप सभी सम्माननीय ग्राहकों से सादर निमंत्रण है-

आइए, हमारी ज्वेलरी की अनूठी डिज़ाइनों का अवलोकन करें, और 50 वर्षों की प्रतिष्ठा व परंपरा के इस उत्सव में भागीदार बनें।


# दमरे महाप्रबंधक ने दोन-काचीगुडा खंड का निरीक्षण किया

## महबूबनगर स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की भी जांच की



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को हैदराबाद मंडल के दोन-कर्नूल-जोगुलम्बा-गदवाल-महबूबनगर-काचीगुडा खंड का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ हैदराबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक लोकेश विश्नोई और मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। संजय कुमार श्रीवास्तव ने दोन-काचीगुडा खंड का रियर विंडो निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने पटरियों, पुलों और सिग्नलिंग प्रणालियों के रखरखाव से संबंधित सुरक्षा पहलुओं की जांच की। महाप्रबंधक ने कर्नूल सिटी रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया और स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, सुविधाओं और सर्कुलेटिंग क्षेत्र की समीक्षा की। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के अंतर्गत कर्नूल स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति का भी निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने कर्नूल स्थित सीएमएलआर (कोच मिड लाइफ रिहैबिलिटेशन) कार्यशाला का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने सुरक्षित कार्य-प्रणालियों की समीक्षा की। इसके अलावा, महाप्रबंधक ने जोगुलम्बा रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया और स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने एबीएसएस के अंतर्गत स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों की भी समीक्षा की। महाप्रबंधक ने गदवाल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने गडवाल में एबीएसएस पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की और निर्माण स्थल पर सुरक्षित कार्य-प्रणालियों की जांच की। बाद में, श्री श्रीवास्तव ने महबूबनगर रेलवे स्टेशन का विस्तृत निरीक्षण किया, जहां उन्होंने यात्री सुविधाओं और अन्य सुविधाओं की समीक्षा की और कर्मचारियों से बातचीत की। महाप्रबंधक ने एबीएसएस के अंतर्गत महबूबनगर स्टेशन पर किए जा रहे पुनर्विकास कार्यों की प्रगति की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और कार्य की गति को और तेज़ करने के निर्देश दिए ताकि परियोजना को निर्धारित तिथि तक पूरा किया जा सके। निरीक्षण के दौरान, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात की और रेल विकास योजनाओं के संबंध में अपने ज्ञापन प्रस्तुत किए। महाप्रबंधक ने मीडियाकर्मियों से भी बातचीत की और उन्हें विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

## मंदिर में जाने से रोका तो मंत्री के भाई ने कॉन्स्टेबल को जड़ दिया थप्पड़, वीडियो वायरल होते ही मचा हंगामा

अमरावती, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के नांदयाल में राज्य के सड़क और भवन निर्माण मंत्री बीसी जनार्दन रेड्डी के भाई ने एक पुलिस कॉन्स्टेबल को खुलेआम थप्पड़ मार दिया। कॉन्स्टेबल एक मंदिर के उद्घाटन समारोह में ड्यूटी पर तैनात था। जब यह घटना हुई तब आंध्र के दो मंत्री मंदिर के अंदर थे। इस कारण पुलिस लोगों को रोक रही थी। मारपीट के दौरान वहां मौजूद लोगों ने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। इस घटना के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा। भाई की हरकत से नाराजगी देखकर बीसी जनार्दन रेड्डी ने बयान जारी किया और केस दर्ज करने के निर्देश दिए।

बुधवार को नांदयाल में श्री लक्ष्मी नरसिम्हा मंदिर का उद्घाटन हुआ। इस समारोह में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी थी। आंध्र प्रदेश के दो मंत्री अनम रामनारायण रेड्डी और कोलिमिगुंडला भी वहां पहुंचे थे। मंदिर के बाहर सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात थी। बताया जाता है कि जब दोनों मंत्री मंदिर के अंदर थे, तब मंत्री बीसी जनार्दन रेड्डी के भाई मदन भूपाल रेड्डी भी समर्थकों के साथ वहां पहुंचे और मंदिर में जाने की कोशिश की। वहां तैनात पुलिस कांस्टेबल जसवंत ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद दोनों के बीच काफी बहस हुई। पुलिस और टीडीपी कार्यकर्ता के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। गुस्से में आकर भूपाल रेड्डी ने कांस्टेबल जसवंत को थप्पड़ मार दिया।

पिछले दो दिनों में थप्पड़ मारने का यह वीडियो वायरल हो गया और सोशल मीडिया में लोग पुलिस कर्मचारी से बदसलूकी के लिए कार्रवाई की मांग करने लगे। विपक्षी वाईएसआर कांग्रेस ने भी इस घटना के लिए टीडीपी सरकार को घेर लिया। विवाद बढ़ता देख जनार्दन रेड्डी ने एक बयान जारी किया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। जनार्दन रेड्डी ने कहा कि सरकार इस तरह के अनुशासनहीनता और मनमानी व्यवहार को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। जो कोई भी इसमें शामिल होगा, उसे ड्यूटी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल पर हमला करने के लिए कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. अग्रवाल पीएचडी उपाधि से सम्मानित




हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिका बर्लिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी में डॉ.सीए मधुसूदन अग्रवाल को 27 जुलाई 2025 को व्यवसाय प्रबंधन और सामाजिक कार्य में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। वे एक लेखक, दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता है। उन्होने समाचार पत्रों, पत्रिकाओं और पुस्तकों में 250 से अधिक लेख लिखे है। उन्होने विभिन्न मंचों पर शोधपत्र प्रस्तुत किये है। वे एक नियमित वक्ता, स्तंभकार, लेखक और प्रेरक है।

वे हैदराबाद लायंस क्लब इंटरनेशनल के हीरक जयंती अध्यक्ष, हैप्पी क्लब फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष, अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेट्स सोसाईटी के संस्थापक एवं अध्यक्ष, आईसीएआई नई दिल्ली समिति सीएसीएएफ के सदस्य, टैक्स ऑडिट क्वालिटी रिव्यू बोर्ड ग्रूप आईसीएआई दिल्ली के उप-संयोजक, तेलंगाना एवं आ.प्र.टेक्स बार एसोसिएशन के पूर्व कार्यकारी सदस्य, सीए छात्र परिषद (एसआईसीएएसए हैदराबाद) के पूर्व उपाध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफटीसीसीआई) के आजीवन सदस्य एवं कराधान समिति के सदस्य, अग्रवाल समाज हैदरगुडा के पूर्व कोषाध्यक्ष, लायंस इंटरनेशनल जिला 320ए के पूर्व जोन अध्यक्ष, अन्य सामाजिक संगठनों, स्कूलों आदि के प्रमुख सदस्य रहे है। उन्होने सीए और सीएस छात्रों के लिए परीक्षक और संकाय के रुप में कार्य किया है।

डॉ.सीए मधुसूदन अग्रवाल एक योग्य चार्टर्ड अकाउंटेन्ट और फोरेंसिक ऑडिटर है। वे एमएस अग्रवाल एंड कम्पनी, चार्टर्ड अकाउंटेन्टस् के संस्थापक एवं प्रबंध भागीदार है। यह पुरस्कार व्यवसाय प्रबंधन में उनके योगदान, उनके पेपर प्रस्तुतिकरण, लेखन और समाज के उत्थान के लिए उनके अथक योगदान के लिए दिया गया। पीएचडी की उपाधि से सम्मानित होने पर समाज बन्धुओं व मित्रगणों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## महालक्ष्मी योजना के कारण ऑटो-रिक्शा चालक संकट में

मंचेरियल, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। विश्व ऑटो-रिक्शा दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर ऑटो-रिक्शा चालक राज्य जेएसी अध्यक्ष जी मुकेश गौड़ ने केक काटा। मुकेश ने कहा कि कई युवाओं, यहां तक कि स्नातकों और पेशेवरों के पास भी आजीविका कमाने के लिए ऑटो-रिक्शा चलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि महालक्ष्मी योजना ने ड्राइवरों के व्यवसाय को प्रभावित करके उनके जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लागू होने के बाद से आर्थिक तंगी से परेशान होकर 80 ड्राइवरों ने आत्महत्या कर ली है। अध्यक्ष ने खेद व्यक्त किया कि अब तक न तो मंत्रियों और न ही विधायकों ने ड्राइवरों की मौतों पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार ड्राइवरों के कल्याण के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित करके एक निगम बनाए। उन्होंने ड्राइवरों को 12,000 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता और इंदिराम्मा आवास योजना के तहत 50 प्रतिशत मकान आवंटित करने की भी मांग की।

## पौध सामग्री उत्पादन पर आईएफबी कार्यशाला का समापन



हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दुलापल्ली स्थित वन जैव विविधता संस्थान (आईएफबी) केंद्र में वन नर्सरी में गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उत्पादन शीर्षक से तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में आईएफबी के निदेशक ई. वेंकट रेड्डी (आईएफएस) ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों, छात्रों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर निदेशक वेंकट रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना और अन्य राज्यों के किसान इन कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं और वन प्रजातियों के बारे में बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त करते हैं। उन्होंने कागज, फर्नीचर और प्लाईवुड जैसे उद्योगों में लकड़ी की बढ़ती मांग पर जोर देते हुए कहा, प्रशिक्षित किसान अपनी नर्सरी स्थापित कर रहे हैं और उच्च गुणवत्ता वाली वन प्रजातियों का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान लकड़ी की मांग का पांच प्रतिशत से भी कम वनों से पूरा होता है, जो इस अंतर को पाटने में कृषि-वानिकी के महत्व को रेखांकित करता है। कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. स्वप्नेंदु पटनायक, डॉ. पंकज सिंह, डॉ.के. शिव प्रसाद और आईएफबी के अन्य कर्मचारियों ने योगदान दिया।

# बुढ़ापे में परमात्मा की शरण स्वीकार करें

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हम बुढ़ापे को भार नहीं भाग्य समझें। बुढ़ापे को आह! भरा बनाने की बजाय वाह! भरा बनाएं। बचपन ज्ञानार्जन के लिए, जवानी धनार्जन के लिए और बुढ़ापा पुण्यार्जन के लिए है। बचपन में व्यक्ति माँ की अंगुली थामे, यौवन में पत्नी का हाथ थामे, पर बुढ़ापे में परमात्मा की शरण स्वीकार करे। जो लोग बुढ़ापे में भोग की बजाय योग का, लाभ की बजाय भला का और अर्जन की बजाय विसर्जन का मार्ग अपनाते हैं उसका जीवन सत्यम् शिवम् सुंदरम् सरीखा बन जाता है।

उक्त उद्गार राष्ट्रसंत चंद्रप्रभ जी के हैं। वे नामपल्ली के एग्जिबिशन ग्राउंड में 60 वर्ष के बाद कैसे जीवन जिएं विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई बूढ़ा होना नहीं चाहता, पर लंबी उम्र पाने पर हर व्यक्ति को बुढ़ापे का सामना करना पड़ता है। अब यह हम पर निर्भर है कि हम इसे विषाद बनाएं या प्रभु का प्रसाद।

उन्होंने कहा कि जब आप 21 साल के हुए थे तो शादी की तैयारी की थी वैसे ही जब 51 साल के हो जाएं तो शांति की तैयारी करना शुरू कर दें। व्यक्ति जब वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम की उम्र आती है तो घर-गृहस्थी का मोह छोड़ नहीं पाता और दुनियादारी में फंसा रहता है परिणाम शेष जीवन दुखदायी बन जाता है। संतप्रवर ने जिंदगी का गणित समझाते हुए कहा कि हम सोमवार को जन्मे, मंगलवार को बड़े हुए, बुधवार को विद्यालय गए, गुरुवार को शादी की, शुक्रवार को बूढ़े हुए, शनिवार को बीमार पड़े और रविवार को मर गए। सात दिनों की यह छोटी-सी जिंदगी है फिर क्यों न हम संसार में उलझने की बजाय अनासक्त भाव से जीवन जिएं।

युवाओं की आत्मा को झकझोरते हुए संतप्रवर ने कहा कि वे लोग तकदीर वाले होते हैं जिनके घर में बूढ़े-बुजुर्गों का साया होता है। जिस दिन वे चले जाते हैं घर अनाथ हो जाता है। आपसे धर्म-कर्म हो तो ठीक अन्यथा कोई दिक्कत नहीं, पर माता-पिता की सेवा में कभी कोई कमी मत छोडना। किसी लायंस क्लब, रोटरी क्लब, सोश्यल ग्रुप के सदस्य बनकर शहर की सेवा करना सरल है, पर अपने घर में रहने वाले बूढ़े-बुजुर्गों की सेवा करना मुश्किल है। एक तरफ सड़क पर बैठी महिला, दूसरी तरफ वृद्धाश्रम में बैठी महिला, तीसरी तरफ अस्पताल में बीमार महिला और चौथी तरफ घर में बीमार महिला हो तो आप खुद सोचें कि सेवा की शुरूआत कहां से की जानी चाहिए। संतप्रवर ने महिलाओं से कहा कि जो अपने पति का कहना मानती है वह पत्नी कहलाती है, पर जो अपने सास-ससुर का कहना मानती है वह घर की महालक्ष्मी होती है। आप किसी की पत्नी बाद में बनिए हो सके तो पहले महालक्ष्मी बनिए।

संतप्रवर ने कहा कि जब भगवान को प्रणाम करवाना होता है तो वह मंदिर में जाकर बैठता है, पर जब उसे प्रणाम का परिणाम देना होता है तो हमारे घर में माता-पिता के रूप में अवतार लिया करता है। इसलिए मंदिर बाद में जाएं, संतों की सेवा बाद में करें, पहले अपने माता-पिता को संभालें। याद रखें, भगवान की सेवा से माता-पिता मिले या न मिले, पर माता-पिता की सेवा से भगवान जरूर मिलते हैं। संतप्रवर ने बेटे-बहुओं को इस बात के लिए सावधान किया कि एक दिन जब आप बूढ़े हो जाएंगे ये कर्म दस गुने होकर लौटेंगे और आपको भी अपने कर्मों का फल भोगना पड़ेगा।

संतप्रवर ने बुजुर्गों को प्रेरणा दी कि वे अपने बुढ़ापे को स्वस्थ, सुरक्षित एवं सक्रिय बनाएं। स्वस्थ बुढ़ापे के लिए खानपान पर संयम रखें। जवानी में हर चीज पच जाती है, बुढ़ापे में बीमारी का कारण बन जाती है। सुबह-सुबह टहलने अवश्य जाएं। सक्रिय बुढ़ापे के लिए घर के छोटे-काम खुद करने की आदत डालें। सुरक्षित बुढ़ापे के लिए सारी संपत्ति बेटे-बेटियों के नाम न करें। एक हिस्सा खुद व पत्नी के नाम रखें और मरने के बाद वह मानवता के काम आए ऐसी व्यवस्था करके जाएं। इससे पूर्व डॉ. मुनि शांति प्रिय सागर महाराज ने नवकार महामंत्र का सामूहिक संगान करवाया।



**मेडचल एल्मपेट स्थित श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर मेडचल, हैदराबाद से जुड़कर फाउंडर सदस्य बने गुरु मां स्नेहलता राय बंसल परिवार, योगेश कांत राय बंसल, श्रीमती गीतिका मुदाली (बंसल) प्रतीक मुदाली, नेहा मुदाली, मयूरा जायसवाल आदि।**

## साईश्री इंजीनियर्स के खिलाफ शिकायत

हैदराबाद, 1 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), हैदराबाद इकाई ने कथित वित्तीय धोखाधड़ी की अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए साईश्री इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड (एसईपीएल) और अन्य के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दर्ज की है, जिस पर बाद में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने संज्ञान लिया। ईडी की जांच सीबीआई की एक प्राथमिकी से शुरू हुई, जिसमें एसईपीएल और उसके संस्थापक, प्रबंध निदेशक एस सूर्यनारायण राजू पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया था। इन आरोपों में जाली दस्तावेज़, फर्जी संपत्तियां गिरवी रखकर ऋण सुविधाएं प्राप्त करना और संपत्ति के स्वामित्व को गलत तरीके से प्रस्तुत करना शामिल है। ईडी के निष्कर्षों के अनुसार, एसईपीएल ने बैंक को 7.51 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। जांच से पता चला कि एसईपीएल के बैंक खातों के माध्यम से ऋण राशि को व्यवस्थित रूप से स्तरीकृत किया गया था, और कंपनी के निदेशकों के निजी लाभ के लिए धन का एक हिस्सा नकदी के रूप में निकाला गया था। इसके अलावा, ईडी ने पाया कि कंपनी को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से 13.53 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जिसका उपयोग एसबीआई का बकाया चुकाने के लिए किया जाना चाहिए था, लेकिन इसे आंध्र बैंक में एसईपीएल के चालू खाते में जमा कर दिया गया। वहां से, कथित तौर पर विभिन्न लेनदेन के माध्यम से धन की हेराफेरी की गई, जिसमें नकद निकासी, सूर्यनारायण राजू के व्यक्तिगत खातों में स्थानांतरण, कर्मचारी खातों में स्थानांतरण और अन्य ऋणों का पुनर्भुगतान शामिल था। इससे पहले जांच में ईडी ने सूर्यनारायण राजू की तीन अचल संपत्तियों को जब्त किया था, जिनकी कीमत 3.11 करोड़ रुपये थी।



# चीन का दबदबा खत्म करने के लिए पाताल से 'संजीवनी' लाएगा भारत



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। रेयर अर्थ और क्रिटिकल मिनरल्स की ग्लोबल सप्लाई चेन पर चीन का दबदबा है। उनसे भारत और दुनिया के कई देशों को इनकी सप्लाई रोक दी है या सीमित कर दी है। इससे इंडस्ट्री के लिए संकट पैदा हो गया है। अब भारत इस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के लिए हाथपांव मार रहा है। कई तरह के विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। इसमें समुद्र के भीतर रेयर अर्थ यानी दुर्लभ खनिजों की खोज और उत्खनन शामिल है। इसके लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र में अर्जी देने पर विचार कर रहा है। मिंट की एक रिपोर्ट के मुताबिक अरब सागर से रेयर अर्थ और क्रिटिकल मिनरल्स निकालने के लिए सरकार यूएन को अप्रोच करने पर विचार कर रही है। सरकार अरब सागर में 10 हजार वर्ग किमी एरिया में एक्सप्लोरेशन का अधिकार चाहती है और इसके लिए इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी को अप्रोच करने की तैयारी में है। साथ ही इन्हें निकालने और प्रोसेस करने की टेक्नोलॉजीज पर भी काम चल रहा है। इस कवायद का मकसद चीन पर निर्भरता कम करना है।

**चीन पर कम होगी निर्भरता**

मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस को पहले ही बंगाल की खाड़ी में 0.75 मिलियन वर्ग किमी और अरब सागर में 10,000 वर्ग किमी एरिया अलॉट किया जा चुका है। भारत ने हिंद महासागर में सर्वे किया था और वहां उसे कोबाल्ट, निकल, कॉपर और मैगनीज के खनिज मिले हैं। मॉरीशस के पास भी समुद्र में कॉपर, कोबाल्ट, प्लेटिनम और गोल्ड पाया गया है। जानकारों का कहना है कि अब सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण को बचाते हुए इनको निकालने की है। इसके लिए भारत के पास अभी टेक्नोलॉजी नहीं है और इसे विकसित करने में कुछ समय लग सकता है। भारत और चीन के साथ-साथ फ्रांस और साउथ कोरिया भी रेयर अर्थ को समुद्र की सतह से निकालने के लिए सुरक्षित तकनीक विकसित करने में लगे हैं। भारत के पास दुनिया का पांचवां बड़ा रेयर अर्थ भंडार है जो करीब 69 लाख टन का है। लेकिन रिफाइनिंग और मैग्नेट प्रॉडक्शन में भारत अभी बहुत पीछे है। अगर भारत इसका सही तरीके से फायदा उठाने में सफल रहा तो उसे चीन से आयात पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में 16 महीने के हाई पर

## उत्पादन और बिक्री में वृद्धि बना कारण



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई में मजबूत होकर 16 महीने के उच्च स्तर 59.1 पर पहुंच गई, जिसे अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ऑर्डरों और उत्पादन में तेज वृद्धि का समर्थन प्राप्त हुआ। शुक्रवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण के आंकड़ों से इसकी पुष्टि हुई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स जून में 58.4 से बढ़कर जुलाई में 59.1 हो गया, जो मार्च 2024 के बाद से इस क्षेत्र के स्वास्थ्य में सबसे मजबूत सुधार का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत ने जुलाई में 59.1 विनिर्माण पीएमआई दर्ज किया, जो पिछले महीने के 58.4 से अधिक है। यह भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए 16 महीने का उच्चतम स्तर है, जिसे नए ऑर्डरों और उत्पादन में मजबूत वृद्धि का लाभ मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, कुल बिक्री लगभग पांच वर्षों में सबसे तेज गति से बढ़ी। इसके बाद, जुलाई में उत्पादन वृद्धि बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और यह श्रृंखला के रुझान से आगे निकल गई। भारतीय विनिर्माता आगामी 12 महीनों में उत्पादन बढ़ने के प्रति आश्वस्त हैं। हालांकि समग्र सकारात्मक भावना का स्तर तीन वर्षों के अपने निम्नतम स्तर पर आ गया है।

भंडारी ने कहा, प्रतिस्पर्धा और मुद्रास्फीति की चिंताओं के कारण कारोबारी विश्वास तीन साल के निचले स्तर पर आ गया है। दरअसल, भारत के विनिर्माण क्षेत्र में इनपुट और आउटपुट दोनों की कीमतें जुलाई के दौरान ऊंची रहीं।

# टैरिफ के कारण बाजार में बिकवाली हावी, सेंसेक्स-690 अंक फिसला, निफ्टी में 203 अंक की गिरावट

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजारों में व्यापक बिकवाली और व्यापार संबंधी चिंताओं के बीच धातु, आईटी और दूरसंचार शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। इसके कारण शुक्रवार को इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार दूसरे सत्र में भारी गिरावट आई। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 585.67 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरकर 80,599.91 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 690.01 अंक या 0.84 प्रतिशत गिरकर 80,495.57 अंक पर आ गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 203.0 अंक या 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,565.35 अंक पर बंद हुआ।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दर्जनों देशों पर व्यापक नए टैरिफ लगाए हैं। इनमें भारत से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। इससे अमेरिकी संरक्षणवाद का एक नया युग शुरू हो गया है, जिससे वैश्विक व्यापार परिदृश्य में व्यापक व्यवधान को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा में 4.43 प्रतिशत की गिरावट आई, क्योंकि कंपनी ने 30 जून, 2025 को समाप्त पहली तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में साल-दर-साल 20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,279 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की। टाटा स्टील, मारुति, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। वहीं ट्रेंट, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजार लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.39 प्रतिशत घटकर 71.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 5,588.91 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। गुरुवार को सेंसेक्स 296.28 अंक या 0.36 प्रतिशत गिरकर 81,185.58 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 86.70 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 24,768.35 पर बंद हुआ।

# जुलाई में जीएसटी कलेक्शन 7.5% बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जुलाई में सकल जीएसटी कलेक्शन 7.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये हुआ। सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए हैं। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये था। पिछले महीने यह संग्रह 1.84 लाख करोड़ रुपये था। जुलाई 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। ईवाई इंडिया के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने कहा कि कुछ वैश्विक दबावों और अस्थायी गिरावट के बावजूद, समग्र रुझान स्थिर उपभोग पैटर्न और अर्थव्यवस्था की निरंतर वृद्धि को दर्शाता है। अग्रवाल ने कहा, सरकार की समय पर रिफंड प्रक्रिया भी व्यवसायों के लिए बहुत मददगार है, क्योंकि इससे यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास आवश्यक कार्यशील पूंजी उपलब्ध है।

# टमाटर नहीं रहा मजेदार, कीमत 100 के पार,धनिया से लेकर गोभी तक की सब्जियों के दाम में उछाल



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में टमाटर के दाम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। स्थिति यह है कि अब टमाटर प्रति किलो 100 रुपये के पार पहुंच गया है। कारोबारियों के मुताबिक, मॉनसून की वजह से बेंगलुरु, हिमाचल, हरियाणा में फसल खराब होने के चलते टमाटर की आवक कम हो गई है, जबकि डिमांड तेज है। इसकी वजह से मंडियों में टमाटर का भाव तेज हो गया है। हालांकि, लोगों को टमाटर की महंगाई से राहत दिलाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ की ओर से टमाटर 50 रुपये प्रति किलो की दर पर पर बेचा जा रहा है। गाजीपुर सब्जी मंडी, ओखला सब्जी मंडी, आजादपुर सब्जी मंडी सहित दिल्ली के सभी मंडियों में इन दिनों टमाटर की आवक कम होने से दाम बढ़ रहे हैं। आजादपुर सब्जी मंडी के एक कारोबारी ने बताया कि मॉनसून की वजह से इन दिनों टमाटर की आवक कम हो गई है, जिससे बीते चार दिनों में टमाटर के रेट मंडी में 40 से 50 रुपये प्रति किलो थोक में बिक रहे हैं।

**चार दिन में तेजी**

वहीं, धनिया से लेकर गोभी समेत अन्य सब्जियों के रेट में भी उछाल आया है। लक्ष्मी नगर मार्केट के रिटेल कारोबारी ने बताया कि बीते चार दिन पहले टमाटर का रिटेल भाव 50 से 70 रुपये किलो था, लेकिन अब रेट 100 रुपये तक पहुंच गया है। दावा है कि आने वाले दिनों में अगर सप्लाई नहीं बढ़ती है तो रेट और बढ़ेगा।

**50 किलो टमाटर**

एनसीसीएफ के अनुसार, 1 अगस्त को मोबाइल वैन से राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन गेट नंबर 1, उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन, नेहरू प्लेस, कृषि भवन, हौज खास, सरोजिनी नगर मार्केट, लोधी कॉलोनी, प्रेम नगर, आईटीओ में 50 किलो में टमाटर मिलेगा।

# सामने आई अनिल अंबानी की गुप्त कंपनी ! 17,000 करोड़ की हेराफेरी का आरोप, ईडी ने किया तलब




नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। दिग्गज उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने 17,000 करोड़ के लोन फ्रॉड मामले में उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों के मुताबिक अनिल अंबानी को 5 अगस्त को दिल्ली में ईडी के मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। पिछले हफ्ते एजेंसी ने अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस ग्रुप से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह छापेमारी मुंबई में 35 जगहों पर की गई। यह कार्रवाई 50 कंपनियों और 25 लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई थी। इससे जुड़े एक अन्य घटनाक्रम में मार्केट रेगुलेटर सेबी ने ईडी और दो अन्य एजेंसियों को एक रिपोर्ट दी है। यह रिपोर्ट रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा 10,000 करोड़ के कथित डायवर्जन की जांच से जुड़ी है। सेबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने इंटरकॉर्पोरेट डिपॉजिट के रूप में एक बड़ी रकम रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को भेजी। यह रकम सीएलई प्राइवेट लिमिटेड के जरिए भेजी गई जो एक अनडिस्क्लोज्ड रिलेटेड पार्टी कंपनी है। जांच के दौरान सीएलई कंपनी के बारे में पता चला था। इस कंपनी के बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही थीं। यह इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन कंपनी है। इसका ऑफिस नेहरू रोड, वाकोला, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई में है। रिलायंस ग्रुप के एक करीबी व्यक्ति ने सेबी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने इस मामले को 9 फरवरी को सार्वजनिक किया था। सेबी ने कोई नई खोज नहीं की है। रिलायंस इन्फ्रा का एक्सपोजर 6,500 करोड़ था। रिपोर्ट में कहा गया है कि 10,000 करोड़ डाइवर्ट किए गए। यह सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए है और यह तथ्यों पर आधारित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि जब एक्सपोजर 6,500 करोड़ था, तो डायवर्जन 10,000 करोड़ कैसे हो सकता है? रिलायंस इन्फ्रा ने इस मामले में अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए पूरी कोशिश की। रिलायंस इन्फ्रा के करीबी व्यक्ति ने बताया कि कंपनी ने 6,500 करोड़ की पूरी राशि वसूलने के लिए समझौता किया है। यह समझौता सुप्रीम कोर्ट के एक रिटायर्ड जज द्वारा कराई गई मध्यस्थता के जरिए हुआ। इस समझौते को बॉम्बे हाई कोर्ट में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि समझौते में ओडिशा की वितरण कंपनियां शामिल हैं। उनकी वसूली का मामला अभी कोर्ट में है। यह राशि पूरी तरह से वसूल की जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें सेबी से इस मामले में कोई नोटिस नहीं मिला है। मई के दूसरे हफ्ते में सेबी ने ईडी, एनएफआरए और आईबीबीआई को एक औपचारिक सूचना भेजी थी। इसमें सेबी ने इन एजेंसियों से इस मामले की स्वतंत्र रूप से जांच करने के लिए कहा था। सेबी की जांच में पता चला कि रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शन के अप्रूवल और डिस्क्लोजर नियमों का पालन नहीं किया गया। सेबी की रिपोर्ट के अनुसार इससे फंड के डायवर्जन को छिपाया गया और इसे असली बिजनेस ट्रांजैक्शन दिखाया गया। सेबी ने कहा कि कानूनी प्रावधानों का पालन न करने के कारण आर इन्फ्रा ने अपनी वित्तीय स्टेटमेंट में फंड के डायवर्जन से जुड़ी जरूरी जानकारी नहीं दी। इससे प्रमोटर और संबंधित इकाइयों को फायदा हुआ। मार्केट रेगुलेटर ने कहा कि सीएलई को तीसरी पार्टी कंपनी मानकर आर इन्फ्रा ने उचित वैल्यू एडजस्टमेंट का खुलासा नहीं किया और वित्तीय स्टेटमेंट को गलत तरीके से पेश किया। यह गलती अभी तक जारी है।

# फिच ने जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.4% से घटाकर 6.3% किया, कहा- टैरिफ का कंपनियों पर सीमित असर

नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया और कहा कि उसे भारतीय कंपनियों पर उच्च अमेरिकी टैरिफ का सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। अप्रैल में अपने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में फिच ने 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। फिच ने शुक्रवार को जारी इंडिया कॉरपोरेट्स क्रेडिट ट्रेंड्स रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहेगी और मजबूत बुनियादी ढांचागत खर्च से सीमेंट और निर्माण सामग्री, बिजली, पेट्रोलियम उत्पाद, इस्पात और इंजीनियरिंग एवं निर्माण (ईएंडसी) कंपनियों की मांग में मजबूती आएगी। फिच रेटिंग्स को उम्मीद है कि मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में उसकी ओर से रेटिंग प्राप्त भारतीय कॉरपोरेट्स के क्रेडिट मेट्रिक्स में सुधार होगा, क्योंकि व्यापक ईबीआईटीडीए मार्जिन उनके हाई कैपेक्स को संतुलित कर देगा। अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के बारे में फिच ने कहा कि उसे उम्मीद है कि उच्च अमेरिकी टैरिफ से उसके द्वारा रेटिंग प्राप्त भारतीय कंपनियों पर सीमित प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अमेरिकी निर्यात जोखिम सामान्यतः कम से मध्यम स्तर का है। हालांकि, कुछ मामलों में अतिरिक्त आपूर्ति से दूसरे दर्जे के जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं। फिच ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भी अंतिम परिणाम को प्रभावित कर सकता है, और कंपनियाँ निर्यात में विविधता लाकर टैरिफ के प्रभाव को कम करने का प्रयास कर सकती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, साथ ही रूस के साथ व्यापार पर 'जुर्माना' भी लगाया है। ये टैरिफ 7 अगस्त से लागू होंगे। भारत और अमेरिका पहले से ही एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। इस समझौते की बातचीत में, भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर अपना रुख कड़ा कर लिया है। नई दिल्ली ने अब तक डेयरी क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते में अपने किसी भी व्यापारिक साझेदार को कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। फिच रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि घरेलू स्तर पर केंद्रित क्षेत्रों जैसे तेल और गैस अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम, सीमेंट और निर्माण सामग्री, इंजीनियरिंग और निर्माण, दूरसंचार और उपयोगिताओं पर न्यूनतम प्रत्यक्ष प्रभाव दिखाई देगा, जिसे स्थानीय मांग और/या नियामक स्थिरता से समर्थन मिलेगा। हालांकि, टैरिफ अनिश्चितता वित्त वर्ष 2026 में अमेरिका और यूरोप को विवेकाधीन आईटी और ऑटो आपूर्तिकर्ता निर्यात को सीमित कर सकती है, जबकि संभावित अमेरिकी नीतिगत बदलाव फार्मास्यूटिकल्स को प्रभावित कर सकते हैं।

# सोने का दाम 563 घटकर 97,971 प्रति 10 ग्राम हुआ

## चांदी 131 सस्ती होकर 1.09 लाख किलो पर आई, कैरेट के हिसाब से देखें कीमत



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 1 अगस्त को गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 563 रुपए गिरकर 97,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले सोने का भाव 98,534 रुपए पर था। वहीं चांदी की कीमत 131 रुपए कम होकर 1,09,819 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,09,950 रुपए पर थी। वहीं 23 जुलाई को सोने ने 1,00,533 रुपए और चांदी ने 1,15,850 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

**दिल्ली** : 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650

**मुंबई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500

**कोलकाता** : 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500

**चेन्नई** : 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500

**भोपाल** : 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550

**हैदराबाद** : 24 कैरेट सोने की कीमत 102,217 प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट के लिए 94,169

**इस साल अब तक 21,809 महंगा हुआ सोना**

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,809 रुपए बढ़कर 97,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 23,802 रुपए बढ़कर 1,09,819 रुपए पर पहुंच गया है।

वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# लगातार पांचवें महीने सस्ता हुआ कमर्शियल सिलेंडर, 33.5 रुपए की कटौती की गई



नई दिल्ली, 1 अगस्त (एजेंसियां)। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में लगातार पांचवें महीने कटौती की गई है। 19 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब दिल्ली में 1631.50 रुपये रह गई है। घटी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इससे पहले यह 1665 रुपये में मिल रहा था। इस तरह इसमें 33.5 रुपये की कटौती की गई है। हालांकि घरों में इस्तेमाल होने वाले सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत हलवाई करते हैं। इसके सस्ते होने से खाने-पीने की कीमतों में कमी आ सकती है। कोलकाता में अब 19 किलो वाले सिलेंडर की कीमत 1631.50 रुपये, मुंबई में 1582.50 रुपये और चेन्नई में 1789 रुपये रह गई है। इस फाइनेंशियल ईयर में इसकी कीमत में लगातार गिरावट आई है। मार्च में दिल्ली में इसकी कीमत 1803 रुपये थी। अप्रैल में यह 1762 रुपये, मई में 1747.50 रुपये, जून में 1723.50 रुपये और जुलाई में 1665 रुपये थी।

**14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत**

लेकिन घरों में यूज होने वाले 14.2 किलो वाले सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये है। इसकी कीमत में आखिरी बार बदलाव इसी साल 8 अप्रैल को किया गया था। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर सिलेंडर पर 300 रुपये सब्सिडी मिलती है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| गृह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कर्क |
| चन्द्र | तुला |
| मंगल | कन्या |
| बुध | कर्क |
| गुरु | मिथुन |
| शुक्र | मिथुन |
| शनि | मीन |
| राहु | कुंभ |
| केतु | सिंह |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कर्क.... | 04-49 बजे |
| सिंह---- | 07-01 बजे |
| कन्या.... | 09-07 बजे |
| तुला---- | 11-13 बजे |
| वृश्चिक.... | 13-23 बजे |
| धनु...... | 15-37 बजे |
| मकर.... | 17-43 बजे |
| कुंभ.... | 19-33 बजे |
| मीन.... | 21-11 बजे |
| मेष..... | 22-47 बजे |
| वृष.... | 00-32 बजे |
| मिथुन.. | 02-33 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947,सूर्य दक्षिणायन ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
सूर्योदय 05-58
सूर्यास्त 18-46

दिशाशूल- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी 07-23 तक उपरान्त नवमीं
मास- श्रावण शुक्ल , शनिवार 02 August
नक्षत्र- विशाखा 06-33 तक अहोरात्र
योग - शुक्ल 06-23 तक अहोरात्र
करण- बव 17-23 तक उप बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार आश्लेषा मे रवि

विशेष- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 09-10 से 10-46 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा मो. 9247132654, 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05-58 - 07-32 | शुभ | लाभ | 18-46 - 20-14 | शुभ |
| शुभ | 07-32 - 09-09 | अशुभ | उत्पात | 20-14 - 21-37 | शुभ |
| रोग।। | 09-09 - 10-46 | अशुभ | शुभ | 21-37 - 22-59 | अशुभ |
| उत्पात | 10-46 - 12-23 | शुभ | अमृत | 22-59 - 00-23 | अशुभ |
| चंचल | 12-23 - 13-59 | शुभ | चंचल | 00-23 - 01-46 | शुभ |
| लाभ | 13-59 - 15-36 | शुभ | रोग | 01-46 - 03-09 | अशुभ |
| अमृत | 15-36 - 17-13 | अशुभ | काल | 03-09 - 04-32 | शुभ |
| काल | 17-13 - 18-46 | शुभ | लाभ | 04-32 - 05-58 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,): आपकी रचनात्मकता केंद्र में आती है, आपके काम में नए दृष्टिकोणों को प्रेरित करती है। नवीन रणनीतियाँ स्वाभाविक रूप से उभरती हैं, जिससे आपको समस्याओं को आसानी से हल करने में मदद मिलती है। व्यापक अवसर सामने आते हैं, लेकिन संतुलित रहना सफलता सुनिश्चित करता है। रिश्तों में टकराव उभर सकता है।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,): आज का दिन भावनाओं और जिम्मेदारियों के मिश्रण जैसा लग सकता है। आपके रचनात्मक विचार आसानी से सामने आएंगे, जिससे आपको अपने काम में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। एक स्थिर और व्यावहारिक मानसिकता आपको महत्वपूर्ण चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,): आज आप अपनी प्रतिभा दिखाने और ज़िम्मेदारी लेने के लिए उत्सुक हैं। अकेले काम करने से आपको ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल सकती है, लेकिन खुद पर ज़रूरत से ज़्यादा ज़ोर न डालें। आप बड़े काम पूरे करने की क्षमता रखते हैं, हालाँकि ज़ोर-ज़बरदस्ती करना उल्टा भी पड़ सकता है।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,): आपके करियर और अध्ययन की गतिविधियाँ आपके पेशेवर जीवन में भावनात्मक तीव्रता लाएँगी। आपको टीम सेटिंग में संघर्ष का अनुभव हो सकता है, इसलिए धैर्य रखें। महिलाओं के साथ अवसर पैदा होते हैं, जो सहयोग के लिए नए रास्ते प्रदान करते हैं। अपने करियर पथ और शैक्षणिक प्रयासों को बढ़ाने के लिए इन अवसरों को अपनाएँ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,): आज बढ़े हुए अंतर्ज्ञान के साथ, आप अपने आस-पास के माहौल और भावनाओं के साथ ज़्यादा तालमेल बिठा पाएँगे। सार्थक संबंधों पर ध्यान दें और अहंकार से प्रेरित लक्ष्यों में फंसने से बचें। करियर में बदलाव अवसरों और चुनौतियों दोनों के साथ आ सकते हैं, इसलिए उन्हें लचीलेपन के साथ संभालें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आप पाएंगे कि आपकी ऊर्जा का स्तर बढ़ गया है, जिससे आपको विभिन्न परिस्थितियों में काम करने के अवसर मिलेंगे। एक जीवंत माहौल की अपेक्षा करें जो आपको पूरी ईमानदारी से काम करने के लिए प्रोत्साहित करे। सावधान रहें, क्योंकि चोट लगने या अप्रत्याशित मूल्य उतार-चढ़ाव की संभावना है।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,): आप अपने काम में रचनात्मक वृद्धि महसूस कर सकते हैं, अंतर्ज्ञान आपकी समस्या-समाधान का मार्गदर्शन करेगा। यह ऊर्जा प्रभावशाली उपलब्धियों की ओर ले जा सकती है, लेकिन यह अकेलेपन के क्षण भी ला सकती है। कम ऊर्जा के प्रति सचेत रहें और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें, क्योंकि यह आप।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,): आज आप रचनात्मक रूप से प्रेरित महसूस कर रहे हैं, भले ही आपकी भावनाएँ उतार-चढ़ाव भरी हों। यह तीव्रता सार्थक प्रगति को बढ़ावा दे सकती है, खासकर जब आप मज़बूत कार्य संबंधों को पोषित करते हैं। नवीन सोच आसानी से प्रवाहित होती है, और आपका कलात्मक पक्ष प्रवर्धित होता है।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे): आपका आत्मविश्वास आपके करियर को बढ़ावा देता है, जिससे यह नेतृत्व करने के लिए एक बढ़िया समय बन जाता है। रचनात्मक सोच आपको पढ़ाई और प्रोजेक्ट में आगे बढ़ने में मदद करती है। आप आशावादी महसूस कर रहे हैं और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं, इसलिए साहसिक लक्ष्य निर्धारित करें।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी): सूर्य के कर्क राशि में होने से आपका दिन भावनात्मक रूप से सहायक हो सकता है, जबकि मेष राशि में चंद्रमा आपको साहसपूर्वक कार्य करने का साहस देता है। आपकी रचनात्मकता उभर कर सामने आती है, हालाँकि शुक्र वर्ग मंगल के कारण भावनाएँ बदल सकती हैं। पढ़ाई में, आपकी गर्मजोशी टीमवर्क को बढ़ावा देती है।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,): आत्मविश्वास बढ़ने के साथ ही आपका करियर और पढ़ाई केंद्र में आ जाती है। रचनात्मक विचार आसानी से प्रवाहित होते हैं, लेकिन जमीन पर बने रहना महत्वपूर्ण है। तार्किक सोच स्थिर प्रगति का समर्थन करती है और आपको खुद को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने में मदद करती है। भले ही चुनौतियाँ सामने आएं, अपने विचारों पर दृढ़ रहें और सर्वोत्तम परिणामों के।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची): काम पर आपका आत्मविश्वास मज़बूत है, और रचनात्मकता सहजता से प्रवाहित होती है, जिससे आप कार्यों को कुशलता से कर पाते हैं। अपनी भलाई को प्राथमिकता दें, क्योंकि कम प्रतिरोध आपको असुरक्षित महसूस करा सकता है। काम की गतिशीलता को समझते हुए, अपनी सहज प्रवृत्ति पर भरोसा रखें, भले ही संदेह के क्षण सामने आएँ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द



# आसाराम की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

> अंतरिम जमानत बढ़ाने के लिए लगा रखी थी याचिका; फिलहाल बाहर

जोधपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात और राजस्थान में रेप मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के आसाराम बापू के लिए अब कोर्ट राहत के रास्ते तेजी से सिमट रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 30 जुलाई को गुजरात मामले में आसाराम की अंतरिम जमानत बढ़ाने की याचिका पर सुनवाई से मना कर दिया है। इस फैसले से स्पष्ट है कि शीर्ष कोर्ट अब लगातार अंतरिम राहत देने के पक्ष में नहीं है। आसाराम जोधपुर में नाबालिग से रेप और गुजरात के मोटेरा आश्रम में साधिका से कई सालों तक रेप के मामलों में दोषसिद्ध है।

**12 अगस्त के बाद क्या हो सकता?**



1 आसाराम को 12 अगस्त के बाद वापस जेल जाना पड़ेगा।

2 आसाराम की हेल्थ और गिरती है तो आपातकालीन मेडिकल कंडीशन पर नई याचिका दायर हो सकती है।

**राजस्थान हाईकोर्ट से 12 अगस्त तक अंतिम अंतरिम जमानत**

जोधपुर में 2013 के नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम की सजा के विरुद्ध अपील लंबित है। जनवरी 2025 में राजस्थान हाईकोर्ट ने आसाराम को मार्च 31 तक मेडिकल ग्राउंड पर अस्थायी जमानत दी थी। अप्रैल में गुजरात हाईकोर्ट से मिली राहत खत्म होने पर राजस्थान हाईकोर्ट ने पहले उसकी जमानत बढ़ाने से मना करते हुए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन न करने और कथित उपदेश देने के आरोपों पर हलफनामा मांगा था। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने 8 जुलाई को आसाराम की अंतरिम जमानत को 12 अगस्त तक बढ़ाया था। कोर्ट के आदेश में स्पष्ट कहा गया कि आवेदक को अब आगे कोई राहत नहीं दी जाएगी।

**गुजरात हाईकोर्ट से 7 अगस्त तक मिली हुई जमानत**

सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को 31 मार्च तक मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। निर्देश दिया था कि आगे की राहत के लिए गुजरात हाईकोर्ट में याचिका लगा सकता है। गुजरात हाईकोर्ट ने 28 मार्च 2025 को आसाराम को 3 महीने की अस्थायी जमानत दी थी। यह अवधि 30 जून को खत्म होने वाली थी लेकिन दस्तावेजी औपचारिकता में देरी को देखते हुए इसे 7 जुलाई तक बढ़ाया गया।

3 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट जस्टिस इलेश वोरा और जस्टिस पीएम रावल की पीठ ने आसाराम के वकील के 3 महीने के विस्तार की मांग को खारिज करते हुए सिर्फ एक महीने का समय दिया, जहां से जमानत फिर से 7 अगस्त तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने सख्त शब्दों में कहा-यह अंतिम विस्तार होगा और स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अंतरिम जमानत का सिलसिला कभी खत्म नहीं होने वाली प्रक्रिया न बन जाए।

## सीबीएन ने पकड़ी 6.6 किलो अवैध अफीम, तीन गिरफ्तार

झालावाड़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) भवानीमंडी (झालावाड़) सेल की टीम ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। तस्करों ने अफीम को छिपाने के लिए कार की पिछली खिड़की के पैनल में एक गुप्त 'गुफा' बना रखी थी। इस वाहन से कुल 6.615 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई है।

सीबीएन अधिकारियों को सूचना मिली थी कि कोटा जिले के पंजीकरण वाली एक कार में अवैध अफीम की तस्करी की जा रही है। इस पर भवानीमंडी सेल के अधिकारियों की एक विशेष टीम का गठन किया गया और 31 जुलाई 2025 को उस कार की तलाश में उन्हें रवाना किया गया। संदिग्ध वाहन के गुजरने की संभावित सड़कों पर निगरानी तेज कर दी गई। संयुक्त रणनीति के तहत टीम ने झालावाड़ जिले की सुलिया चौकी, भवानीमंडी के पास स्थित सुनेल रोड पर संदिग्ध कार को रोका।

# भारी बारिश से हालात बिगड़े, धौलपुर में सेना बुलाई, पिछले 69 साल का रिकॉर्ड टूटा

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भारी बारिश ने राजस्थान में पिछले 69 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस साल मानसून सीजन में जुलाई में प्रदेश में 285 एमएम बारिश हुई। इससे पहले साल 1956 में जुलाई में सर्वाधिक 308 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई थी। भारी बारिश के चलते कोटा, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर में सबसे ज्यादा हालात खराब हैं। चंबल खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर में बाढ़ आ गई है। धौलपुर में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं



इसलिए प्रशासन ने यहां स्थितियां संभालने के लिए गुरुवार को सेना को बुला लिया। धौलपुर में चीलपुरा, घड़ी, मेहदपुरा, चाडीयन का पुरा व भूड़ा गांवों में रेस्क्यू अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। भारी बारिश के चलते प्रदेश के बांधों में भी जबरदस्त पानी की आवक हो रही है।

## सांप ने डसा, हॉस्पिटल ले जाते एक्सीडेंट, मां-बेटे की मौत

दौसा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। स्नेक बाइट के रेफर मरीज को दौसा जिला हॉस्पिटल से जयपुर ले जाते वक्त एंबुलेंस का एक्सीडेंट हो गया। एंबुलेंस में मरीज, उसकी मां, दो रिश्तेदार और ड्राइवर थे।

आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए तो एंबुलेंस ट्रक में घुस गई। हादसे में मरीज और उसकी मां की मौत हो गई। दो रिश्तेदार और ड्राइवर घायल हो गए। डिवाइडर पर पड़े ड्राइवर ने बताया कि एक घंटे तक मदद नहीं पहुंची। हादसा शुक्रवार सुबह 5 बजे दौसा से 30 किलोमीटर दूर आगरा-जयपुर हाईवे-21 पर हुआ। मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के गुर्जर सीमला गांव में पंचर की दुकान चलाने वाले दशरथ योगी (21) को गुरुवार देर रात घर में सोते वक्त सांप ने काट लिया था। दशरथ की मां मुथरी देवी (48) और दो रिश्तेदार मरीज को सीमला से दौसा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। शुक्रवार सुबह 4.30 बजे के करीब दशरथ को जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया। एंबुलेंस ड्राइवर रामनरेश मीणा पीड़ित दशरथ, मुथरी देवी और दो रिश्तेदारों को लेकर दौसा से निकला।

## जर्जर इमारतों का सर्वे कर नोटिस देने की कार्रवाई शुरू-अब तक 126 भवन चिन्हित सार

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी जयपुर के परकोटे में पुरानी जर्जर इमारतों को चिन्हित कर उनके भवन मालिकों को नोटिस देने की कार्रवाई की जा रही है। पिछले दिनों झालावाड़ में स्कूल भवन की छत गिरने से बच्चों की मौतों के बाद अब सरकार ने एहतियातन पुरानी जर्जर इमारतों को सील कर ढहाने के लिए कहा है। स्थानीय निकाय विभाग ने सभी शहरी निकायों को इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। अब तक प्रदेश में 2 हजार से ज्याद ऐसी इमारतों को सील कर गिराने की कार्रवाई की जा रही है।

## ऑनलाइन पेमेंट के दौरान बैंक बैलेंस देखकर लालच जागा सब्जी वाले ने की रिटायर्ड अधिकारी की हत्या

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के जगतपुरा इलाके में एक रिटायर्ड कस्टम अधिकारी की सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। आरोपी कोई पेशेवर अपराधी नहीं, बल्कि सामने सब्जी बेचने वाला कमलेश निकला, जिसने बैंक अकाउंट बैलेंस देखकर बुजुर्ग अफसर की जान ले ली। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने ऑनलाइन पेमेंट के दौरान मोबाइल स्क्रीन पर बैंक बैलेंस देख लिया था, यहीं से हत्या की प्लानिंग शुरू हुई। 88 वर्षीय ओमप्रकाश खोबर, जो दिल्ली और गुजरात में आयकर विभाग में अधिकारी रह चुके थे, जयपुर के लोटस विला अपार्टमेंट में अकेले रहते थे। 25 जुलाई की रात पुलिस को उनके फ्लैट में शव होने की सूचना मिली थी। पुलिस जब पहुंची तो ओमप्रकाश का शव बैड पर पड़ा था। गले पर खरोंच के निशान थे और मोबाइल गायब था। अगले दिन पोस्टमार्टम हुआ और शव परिजनों को सौंप दिया गया लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से मौत की पुष्टि हुई।

# गहलोत बोले-पार्टी में कोई मतभेद नहीं, पुरानी बातें भूलनी होंगी, केंद्र पर निशाना साधा

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने एक बार फिर अपनी स्पष्टवादिता से चर्चा में आते हुए मीडिया और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस में गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने दो टूक कहा कि अब कोई दूरियां नहीं हैं, कोई मतभेद नहीं हैं।

अगर आप गुटबाजी की बात करते हैं तो इसका दोष मैं मीडिया को दूंगा। बीकानेर में जब उनसे पूछा गया कि पोस्टरों में सचिन पायलट की तस्वीर नहीं है, तो गहलोत ने इस सवाल को हल्के में लेते हुए कहा कि ये छोटी बातें हैं। कई बार मेरे भी पोस्टर नहीं लगते तो क्या फर्क पड़ता है? मैं इन फोटो के चक्करों में नहीं पड़ता। मानेसर प्रकरण को लेकर गहलोत बोले- हर



घटनाक्रम को याद रखेंगे तो आगे कैसे बढ़ेंगे? पुरानी बातें भूलनी होंगी। हमें कांग्रेस को मजबूत करना है। देश को आज कांग्रेस की जरूरत है, तभी लोकतंत्र बचेगा। गौरतलब है कि मानेसर प्रकरण में कांग्रेस के कई विधायक बगावत के मूड में थे। गहलोत ने कहा कि देश में बढ़ता ध्रुवीकरण चिंताजनक है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह पर सीधे हमला करते हुए पूछा- आप अचानक हिंदी को लेकर इतने आक्रामक क्यों हो गए? हिंदी हमारी मातृभाषा है, लेकिन आप इसे दक्षिण भारत के खिलाफ राजनीतिक हथियार क्यों बना रहे हो?

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दक्षिण भारत में अपनी राजनीतिक पकड़ न होने के कारण वहां हिंदी का मुद्दा उछालकर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की विविध भाषाएं हमारी ताकत हैं, इन्हें बांटने की कोशिश खतरनाक है। अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेता अगर ऐसे बयान दे रहे हैं, तो इसका मतलब साफ है कि यह एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि मीडिया की निष्पक्षता खो चुकी है। आजादी के समय मीडिया, बुद्धिजीवी, उद्योगपति, सब देशहित में बोलते थे। आज सब चुप हैं। सोशल मीडिया से काम चलाया जा रहा है। मेनस्ट्रीम मीडिया का मौन खतरनाक है। गहलोत ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि यह वक्त देश को बचाने का है, न कि आपसी मतभेदों को बढ़ाने का। उन्होंने दो टूक कहा- हम सबका फर्ज है कांग्रेस को मजबूत करना, तभी लोकतंत्र और संविधान को बचाया जा सकेगा।

**लसाड़िया पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, बाल अपचारी निकला गिरोह का मास्टर माइंड



सलूंबर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। सलूंबर जिले की लसाड़िया पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। लसाड़िया थाना क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर इस गिरोह का खुलासा किया। थानाधिकारी हर्षराज सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने गिरोह से जुड़े तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।

इसके अलावा चोरी की बाइक खरीदने वाले दो अन्य व्यक्तियों को भी पुलिस ने पकड़ा है। वहीं गिरोह का मास्टर माइंड एक बाल अपचारी निकला, जो पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रह चुका है। पुलिस ने मुख्य सरगना समेत दो बाल अपचारियों को डिटेन किया है। पूछताछ और छापेमारी के बाद पुलिस ने एक चोरी की बाइक, एक बाइक के विभिन्न पार्ट्स और दो प्रयुक्त बाइक जब्त की हैं, जो अलग-अलग घटनाओं में चोरी की गई थीं। इस गिरोह का नेटवर्क क्षेत्र के कई हिस्सों में फैला हुआ था और ये चोरी की गई बाइकों को सस्ते दामों में बेचते थे।

## जयपुर बीजेपी की कार्यकारिणी में 22 सिफारिशी नेता

### अध्यक्ष ने लिस्ट डिलीट कर लिखा-वैध नहीं, जिन्हें पद उनके आगे सीएम, डिप्टी सीएम का जिक्र

जयपुर, 1 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर शहर बीजेपी जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने शुक्रवार सुबह अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी। लेकिन विरोध बढ़ता देख कुछ ही मिनटों में पोस्ट को डिलीट कर दिया। वहीं, नई पोस्ट डालते हुए लिखा कंप्यूटर ऑपरेटर ने प्रस्तावित कार्यकारिणी की कॉपी गलती से सोशल मीडिया पर डाल दी।

जयपुर शहर कार्यकारिणी कुछ समय बाद विधिवत घोषित की जाएगी। कार्यकारिणी वाली पोस्ट में यह भी बताया गया था कि किस नेता के कहने पर किसे जगह मिली। इन नामों के आगे सीएम, डिप्टी सीएम का भी जिक्र था। ऐसे 22 पदाधिकारियों के नाम इस लिस्ट में थे। जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने अपनी जो कार्यकारिणी की पोस्ट सोशल मीडिया पर की। उसमें 34 नेताओं को उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कार्यालय मंत्री, प्रवक्ता, आईटी संयोजक, सहसंयोजक सोशल मीडिया संयोजक, सहसंयोजक, प्रकोष्ठ संयोजक और मीडिया सह संयोजक के पद दिए गए थे। 34 नेताओं में से 22 को सिफारिश के आधार पर जगह दी गई थी। केवल 8 लोग ऐसे थे, जिनके आगे लिखा था कि उन्हें कार्य के आधार पर कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। चार लोगों के बारे किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं लिखी गई थी। शहर भाजपा की कार्यकारिणी में सीएम भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को सबसे खास तवज्जो दी गई।

## मंदिर में दो पक्ष भिड़े, महिला को मारा थप्पड़-नाम पट्टिका लगाने को लेकर विवाद

भीलवाड़ा, 1 अगस्त (एजेंसियां)। भीलवाड़ा में मंदिर में नाम पट्टिका लगाने को लेकर विवाद हो गया। दो पक्ष आपस में भिड़ गए। गुस्साए लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी, बाल्टी और झाड़ू से हमला किया। पत्थर फेंक कर मारे। इस दौरान महिलाएं भी एक-दूसरे से उलझ गईं। यहां तक कि एक युवक ने महिला को थप्पड़ भी मार दिया। मामला सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सांगानेर कस्बे के रामदेव मंदिर का दोपहर करीब 2 बजे का है। पूरी घटना का वीडियो सामने आया है।

# सांवलिया सेठ के भंडार से निकली रिकॉर्ड 204 किलो चांदी

> 28 करोड़ से ज्यादा का कैश और 1.4 किलो सोना मिला; 6 राउंड में हुई काउंटिंग



**मन्नत पूरी होने पर भक्त करते हैं दान**

सांवलिया सेठ मंदिर में हर माह दानपात्र खोला जाता है और नियमित रूप से गिनती की जाती है। भक्त यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं। पूरी होने पर बड़े स्तर पर दान करते हैं। नकदी के साथ-साथ लोग सोना-चांदी और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं भी मंदिर को समर्पित करते हैं। दानपात्र से निकली राशि की गिनती बैंक स्टाफ, मंदिर मंडल और सुरक्षा अधिकारियों की देखरेख में पूरी पारदर्शिता के साथ की जाती है। गिनती के लिए काउंटिंग मशीनों का उपयोग किया जाता है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाती है ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो।

चित्तौड़गढ़, 1 अगस्त (एजेंसियां)। चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ मंदिर में इस बार दान में मिली चांदी का रिकॉर्ड बना है। जुलाई में मंदिर को दानपात्र (भंडार) से रिकॉर्ड 204 किलो 500 ग्राम चांदी चढ़ावे के रूप में मिली। कुल 22 करोड़ 22 लाख 76 हजार 77 रुपए की नकद राशि मिली।

मंदिर मंडल के सदस्य पवन तिवाड़ी ने बताया- ऑनलाइन माध्यम से और मंदिर के भेंट कक्ष में दिए गए दान की भी गणना की गई है। इन दोनों स्रोतों से 6 करोड़ 9 लाख 69 हजार 478 रुपए प्राप्त हुए हैं। इस तरह इस महीने मंदिर को नकदी के रूप में कुल 28 करोड़ 32 लाख 45 हजार 555 रुपए चढ़ावा आया। मंदिर प्रशासन के अनुसार दानपात्र (भंडार) से 410 ग्राम सोना और 80 किलो 500 ग्राम चांदी निकली है। भेंट कक्ष से एक किलो 33 ग्राम सोना और 124 किलो चांदी प्राप्त हुई है। इस तरह कुल 1 किलो 443 ग्राम सोना और 204 किलो 500 ग्राम चांदी मिली है। इससे पहले, 2024 में दीपावली के बाद 30 नवंबर को 2 महीने का भंडार खोला गया था। तब 187 किलो 9 ग्राम चांदी प्राप्त हुई थी।

**छह राउंड में हुई गिनती**

दान की काउंटिंग 6 राउंड में पूरी हुई। काउंटिंग 23 जुलाई को चतुर्दशी के दिन शुरू हुई थी। पहले राउंड में 7 करोड़ 15 लाख रुपए की नकदी गिनी गई थी। 25 जुलाई को दूसरे राउंड में 3 करोड़ 35 लाख और 28 जुलाई को तीसरे राउंड में 7 करोड़ 63 लाख 25 हजार रुपए गिने गए।

29 जुलाई को चौथे राउंड में 3 करोड़ और 30 जुलाई को पांचवें राउंड में 88 लाख 65 हजार 200 रुपए, गिने गए। सोमवार को छठे राउंड में 20 लाख 85 हजार 877 रुपए की गिनती हुई।

**पिछले 4 महीने में आया चढ़ावा**

| माह | नकद राशि | सोना | चांदी |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | 25,13,64,699 रुपए | 1 किलो 74 ग्राम | 95 किलो 467 ग्राम |
| मई | 26,77,08,496 रुपए | 627 ग्राम | 130 किलो 96 ग्राम |
| जून | 29,22,60,530 रुपए | 994 ग्राम | 142 किलो 195 ग्राम |
| जुलाई | 28,32,45,555 रुपए | 1 किलो 443 ग्राम | 204 किलो 500 ग्राम |

# भ्रूण लिंग जांच रैकेट का भंडाफोड़, 3 आरोपी हिरासत में

> हरियाणा-राजस्थान सीमा से चल रहा था गोरखधंधा

झुंझुनूं, 1 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के पीसीपीएनडीटी सेल ने राजस्थान और हरियाणा समेत कई जगहों पर भ्रूण लिंग जांच के अवैध धंधे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसमें झुंझुनूं बॉर्डर इलाके में सक्रिय एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।

हरियाणा के नारनौल के नोडल अधिकारी डॉ. विजय यादव के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें टीम ने एक डिकोय ग्राहक के जरिए आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में रवि सिंह, उमेश और भरत शामिल हैं। जानकारी के अनुसार भरत एक सरकारी अस्पताल में कर्मचारी है, जबकि रवि सिंह भ्रूण लिंग जांच जैसे गंभीर मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुका है। टीम ने खुलासा किया कि आरोपियों ने फर्जी महिला को जांच



के लिए शिमला स्थित एक खंडहर मकान में बुलाया, जहां उन्होंने गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच की। इस दौरान गिरोह ने महिला से लिंग जांच के एवज में 26 हजार की रकम ऐंठ ली। जैसे ही आरोपियों ने पैसे लिए, और जांच की पुष्टि की, हरियाणा पीसीपीएनडीटी सेल ने झुंझुनूं आरसीएचओ दयानंद जांगिड़ और समन्वयक आनंद कुमार के साथ मिलकर छापेमारी की और तीनों आरोपियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद तीनों गिरफ्तार आरोपियों को सिंघाना थाने लाया गया है, जहां उनके खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि भैसावता निवासी रवि सिंह का नाम पहले भी भ्रूण लिंग जांच जैसे मामलों में सामने आ चुका है। यह गिरोह हरियाणा और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में अवैध रूप से भ्रूण लिंग जांच की गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पूरी कार्रवाई के दौरान झुंझुनूं के आरसीएचओ डॉ. दयानंद जांगिड़ और पीसीपीएनडीटी समन्वयक आनंद कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।




**SHOWROOMS: TELANGANA: HYDERABAD:** RENAULT **GACHIBOWLI** Ph: 9289220863, RENAULT **HITECH CITY** Ph: 9311733970, RENAULT **KUKATPALLY** Ph: 7067322620, RENAULT **LB NAGAR** Ph: 9311700671. RENAULT **KARIMNAGAR** Ph: 9582305983. RENAULT **KHAMMAM** Ph: 8527234093. RENAULT **MAHBUBNAGAR** Ph: 9289995319. RENAULT **NIZAMABAD** Ph: 9311700672. RENAULT **SHADNAGAR** Ph: 9311700675.

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.